● जयपुर, शनिवार, 11 मई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 251 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम

# चमकता राजस्थान

जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूँदी, धौलपुर, हिडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित
विज्ञापन के लिए : 93145 05000

**सुविचार**

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 नशें की हालत में चाकू लेकर लोगों पर टूट पड़ा सिरफिरा युवक...
पेज @4 दौसा: अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा ...
पेज @8 दिल्ली ने लिया संकल्प, फिर से खिलेगा कमल: दिया कुमारी...

## शहजादे के गुरु ने राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ बताया : पीएम मोदी

**नंदुरबार/एजेंसी।**

महाराष्ट्र के नंदुरबार में प्रधानमंत्री मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सैम पित्रोदा के नस्लीय टिप्पणी को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर प्रहार किया।

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का एजेंडा कितना खतरनाक है। यह शहजादे के गुरु ने इसका खुलासा किया है। शहजादे के गुरु ने अमेरिका से कहा है कि राम मंदिर का निर्माण और रामनवमी का उत्सव भारत के विचार के खिलाफ है। उन्होंने यहां तक कह दिया कि मेरा मंदिर जाना भारत विरोधी है। कांग्रेस राम के देश में राम मंदिर को देश विरोधी बता रही है।



रैली में पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बरसते हुए कहा कि कांग्रेस ने कभी आदिवासी समाज को सम्मान नहीं दिया और ना देने दिया। आदिवासी क्रांतिकारियों ने आजादी की लड़ाई में इतने बलिदान दिए। लेकिन यह बलिदान की बात मानने को तैयार नहीं है। आजादी की पूरी लड़ाई का श्रेय कांग्रेस केवल एक परिवार को ही देती है। ये भाजपा है जो आदिवासी स्वतंत्र सेनानियों पर म्यूजियम बनवा रहे है ताकि आने वाली पीढ़ियों को पता चल सके कि हमारे पूर्वज आदिवासियों ने देश के लिए कितना बड़ा बलिदान दिया था।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा ने आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनाया और पहली बार ऐसा हुआ है। लेकिन आपको याद रहना चाहिए, वो कौन लोग थे, इन्होंने आदिवासी बेटी द्रौपदी मुर्मू को राष्ट्रपति चुनाव हराने के लिए रात दिन एक कर दिया था। ये कांग्रेस वाले लोग थे। जिन्होंने एक आदिवासी बेटी को राष्ट्रपति बनने से रोकने के लिए रात दिन एक किया था। लेकिन कांग्रेस पार्टी ने ऐसा क्यों किया इसकी वजह अभी दो-तीन दिन पहले ही खुली है। कांग्रेस के शहजादे के गुरू अमेरिका में रहते है। उन्होंने भारत के लोगों पर रंगभेदी टिप्पणी की है। रंग के आधार पर भेद, ऐसा गंभीर आरोप लगाया है। जिनका रंग भगवान कृष्ण जैसा होता है, कांग्रेस उन्हें अफ्रीकन मानती है, इसलिए द्रौपदी मुर्मू राष्ट्रपति बनें, यह उन्हें मंजूर नहीं था।

प्रधानमंत्री मोदी ने आगे कहा, कांग्रेस जानती है कि वे विकास में मोदी का मुकाबला कर ही नहीं सकते। इसलिए उन्होंने इस चुनाव में झूठ की फैक्ट्री खोली है और झूठ फैलाकर वे वोट लेना चाहते हैं। कभी आरक्षण को लेकर झूठ, कभी संविधान को लेकर झूठ बोलते हैं, आरक्षण पर कांग्रेस का हाल चोर मचाए शोर वाला है। धर्म के आधार पर आरक्षण बाबा साहब अंबेडकर की भावना के खिलाफ है, संविधान की भावना के खिलाफ है। लेकिन कांग्रेस का एजेंडा है - दलित, पिछड़े, आदिवासी का आरक्षण छीनकर अपने वोट बैंक को देना!

## संक्षिप्त समाचार

### टाटा स्टील के बिजनेस हेड की हत्या और लूट मामले में वांछित बदमाश की मुठभेड़ में मौत

**गाजियाबाद/एजेंसी।** गाजियाबाद के थाना साहिबाबाद इलाके में शुक्रवार को पुलिस और दो बाइक सवार बदमाशों के बीच मुठभेड़ हुई, जिसमें एक बदमाश को गोली लगी। उसे घायल अवस्था में अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। इस मुठभेड़ में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया, जिसका इलाज अस्पताल में चल रहा है।

चार मई को हुई टाटा स्टील के नेशनल बिजनेस हेड के साथ लूटपाट और उसकी हत्या के मामले में बदमाश वांछित चल रहे थे।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, 10 मई को थाना साहिबाबाद इलाके में पुलिस एवं दो बाइक सवार बदमाशों में मुठभेड़ हुई। मुठभेड़ के दौरान एक अभियुक्त एवं एक उप निरीक्षक गंभीर रूप से घायल हुए, जिसे तुरन्त ही उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कांग्रेस अमेठी, रायबरेली दोनों सीटों पर जीतेगी: केसी वेणुगोपाल

**तिरुवनंतपुरम/एजेंसी।** एआईसीसी महासचिव (संगठन) केसी वेणुगोपाल का कहना है कि कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में अमेठी और रायबरेली दोनों सीटों पर जीत हासिल करेगी। उन्होंने शुक्रवार को कहा, मैं दोनों निर्वाचन क्षेत्रों में गया हूं और प्रतिक्रिया बेहद सकारात्मक है। कांग्रेस पार्टी दोनों सीटों से जीतेगी। वेणुगोपाल ने कहा, अमेठी से कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे केएल शर्मा एक ऐसे व्यक्ति हैं जो इन दोनों निर्वाचन क्षेत्रों को अपनी हथेली के पिछले हिस्से की तरह जानते हैं, क्योंकि पिछले 35 वर्षों से वह वहां काम कर रहे हैं। राहुल गांधी के रायबरेली से चुनाव लडने़ का कारण उस निर्वाचन क्षेत्र से उनका गहरा भावनात्मक लगाव है।

### ट्रक ने कार में मारी टक्कर, 3 दोस्तों की मौत

**भागलपुर/एजेंसी।** बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र में शुक्रवार को एक ट्रक और कार की टक्कर में कार में सवार तीन दोस्तों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, राष्ट्रीय राजमार्ग 31 पर मकनपुर चौक का पास ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। बताया जाता है कि तीन दोस्त एक कार पर सवार होकर पूर्णिया से आ रहे थे, तभी मकनपुर चौक का पास सामने से आ रहे एक ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। वाहनों की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टकराने के बाद कार की छत उड़ गई। इस घटना में तीन लोगों की मौत हो गई।

## कोई माई का लाल नहीं जो देश से आरक्षण हटा सके : राजनाथ सिंह

**दुमका/एजेंसी।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को झारखंड के दुमका में चुनौतीपूर्ण अंदाज में कहा कि कोई माई का लाल नहीं है, जो देश से आरक्षण हटा सके। कांग्रेस और विपक्षी पार्टियों के पास कोई मुद्दा नहीं बचा है तो वे आरक्षण को लेकर झूठा प्रचार कर रहे हैं।

दुमका सीट से भाजपा की प्रत्याशी सीता सोरेन के नामांकन के बाद यज्ञ मैदान में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने ईडी-आयकर के छापों में करोड़ों रुपए की बरामदगी की घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेसियों ने यह रकम गरीब जनता का खून पीकर इका किया है।

उन्होंने जनता से कहा कि आप इस चुनाव में इनकी लूट का बदला लीजिए। उन्हें अपने वोट के जरिए सजा दीजिए।

उन्होंने झामुमो-कांग्रेस की झारखंड सरकार पर आदिवासियों के स्वाभिमान और सम्मान को चोट पहुंचाने का आरोप लगाया। कांग्रेस पर प्रहार करते हुए भाजपा नेता ने कहा कि जवाहरलाल



नेहरू और इंदिरा गांधी से लेकर राजीव गांधी एवं मनमोहन सिंह तक तमाम प्रधानमंत्री गरीबी हटाने का राग अलापते रहे, लेकिन कोई फर्क नहीं पड़ा। दूसरी तरफ हमारे प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला। मोदी जी का संकल्प और हमारी पार्टी का फैसला है कि हम एक भी व्यक्ति को देश में गरीब नहीं रहने देंगे। मोदी सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए रक्षा मंत्री ने कहा कि इतने बड़े देश में प्रत्येक व्यक्ति को कोविड के दो से तीन टीके मुफ्त लगे, जबकि अमेरिका जैसा समृद्ध देश भी ऐसा नहीं कर सका। उन्होंने कहा कि दुनिया में धन-दौलत के मामले में हमारा देश दस साल पहले 11 वें स्थान पर था। मनमोहन सिंह दस साल पीएम रहे, लेकिन हमारा रैंक वहीं रहा। 2014 में मोदी जी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद देश अर्थव्यवस्था के मामले में पांचवें स्थान पर पहुंच गया। आज अर्थव्यवस्था के बड़े जानकार कहते हैं कि भारत इतनी तेजी से बढ़ रहा है कि सारी दुनिया में अमेरिका और चीन के बाद तीसरा स्थान हमारा होगा।

कांग्रेस की सरकारों पर महान आदिवासी नायक भगवान बिरसा मुंडा की उपेक्षा का आरोप मढ़ते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि पहली बार उनकी जयंती 15 नवंबर को मोदी जी ने राष्ट्रीय जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। कांग्रेस-झामुमो के लोग केवल झूठ बोलकर और आंखों में धूल झोंककर राजनीति करते हैं, जबकि हम राजनीति केवल सरकार नहीं, देश और समाज बनाने के लिए करते हैं। उन्होंने विपक्ष के इस आरोप को निराधार बताया कि केंद्र की सरकार ईडी-सीबीआई का इस्तेमाल विरोधियों के खिलाफ कर रही है। हमारी सरकार ने साफ कहा है कि भ्रष्टाचारी किसी भी पार्टी की हो, उसके कार्रवाई होनी चाहिए।

### अरविंद केजरीवाल को 1 जून तक मिली जमानत

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- 2 तारीख को करेंगे सरेंडर



**नयी दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब खत्म हो चुकी दिल्ली शराब नीति से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में 1 जून तक अंतरिम जमानत दे दी। 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद केजरीवाल वर्तमान में दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। वह आज जेल से बाहर आ सकते हैं और उन्हें 2 जून तक जेल अधिकारियों के सामने आत्मसमर्पण करने के लिए कहा गया है। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने केजरीवाल द्वारा दायर अंतरिम जमानत याचिका पर संक्षिप्त सुनवाई के बाद फैसला सुनाया। केजरीवाल द्वारा दायर याचिका में दिल्ली शराब नीति मामले में उनकी गिरफ्तारी और उसके बाद चल रहे लोकसभा चुनावों के प्रचार में उनकी भागीदारी को सक्षम करने के लिए अंतरिम जमानत के अनुरोध को चुनौती दी गई थी। इसके बाद पीठ ने केजरीवाल को 2 जून को आत्मसमर्पण करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'आइए हम कोई समानता न बनाएं। उन्हें मार्च में गिरफ्तार किया गया था और गिरफ्तारी पहले या बाद में हो सकती थी। अब, 21 दिनों के बाद, कोई अंतर नहीं होगा। 2 जून को, अरविंद केजरीवाल आत्मसमर्पण करेंगे।' सुनवाई के दौरान केजरीवाल का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने अदालत से पूछा कि क्या केजरीवाल को 5 जून के लिए अंतरिम जमानत मिल सकती है। इस पर न्यायमूर्ति खन्ना ने जवाब दिया, 'नहीं।'

## प्रियंका गांधी का रायबरेली में इमोशनल वार

## एक तरफ झूठ और धमकी, दूसरी ओर संघर्ष करने वाला मेरा भाई

**रायबरेली।**

लोकसभा चुनाव 2024 के तहत यूपी की रायबरेली लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार राहुल गांधी के लिए प्रचार का मोर्चा संभाल रही प्रियंका गांधी क्षेत्र के लोगों को इमोशनल कनेक्ट कर रही हैं। कांग्रेस महासचिव और राहुल गांधी की बहन प्रियंका गांधी वाड्रा रायबरेली के लोगों को कांग्रेस के कामों की याद भी दिला रही हैं।

साथ ही पार्टी के घोषणा पत्र की चर्चा कर आम जनता के लिए काम और संघर्ष करने वाले राहुल गांधी को वोट देने की अपील कर रही है।



### राहुल गांधी को बताया जनता की आवाज उठाने वाला नेता

» गुरुवार को उन्होंने सदर विधानसभा के अमावां व में सभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा कि उनके बड़े भाई राहुल हर जगह जनता की आवज उठाते हैं, सच्चाई बोलते हैं लेकिन उन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेताओं के सबसे ज्याद हमले होते हैं, झूठे आरोप लगाए जाते हैं, हमारे शहीद पिता और दादी को देशद्रोही बताया जाता है। इसके बावजूद राहुल झुके नहीं डरे नहीं और जनता के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

### जनता के भले के लिए वोट मांग रहे राहुल गांधी

» उन्होंने कहा कि एक ओर राहुल गांधी हैं जो काम और जनता के भले के लिए वोट मांग रहे हैं तो दूसरी ओर भाजपा धर्म के नाम पर गुमराह कर व धमका कर वोट लेना चाहती है। प्रधानमंत्री अपने चुनिंदा धनाय मित्रों के लिए काम करते हैं, बिजली, पानी खान, बंदरगाह सड़क सब अपने मित्रों को दे दिए लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं किया।

### मोतीलाल नेहरू से लेकर इंदिरा, राजीव गांधी के काम गिनाए

» उन्होंने कहा कि रायबरेली में मोतीलाल नेहरू आजादी से पहले किसानों के संघर्ष में भागीदार बनने यहां आए, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी ने खूब काम करवाया। आज पीएम मोदी लोगों को अपने काम गिनाने के बजाय इधर–उधर की छूटी बातों से गुमराह कर वोट लेना चाहते हैं। रायबरेली के स्वाभिमानी लोग ऐसे लोगों से सावधान रह कर कांग्रेस और राहुल को वोट दें जो हमेशा उनके साथ खड़े रहेंगे।



# हमास के दुराचारों को भूले अमेरिका के उन्मादी छात्र

पिछले वर्ष से इजराइल और हमास के बीच छिड़ी जंग के बीच केरल की सेक्युलर बिरादरी' के एक सांसद फिलिस्तीनीयों के दर्द से आहत हो इतने उत्तेजित हुए कि उन्होंने सरेआम भरी सभा में आह्वान कर डाला कि इजराइल के राष्ट्रपति को बिना कोर्ट ट्रायल के मृत्युदंड दे देना चाहिए। लेकिन युद्ध की जमीन तैयार करने वाले हमास के दुराचारों को भूल अब फिलिस्तीनीयों के प्रति यही सहानुभूति अमेरिका की यूनिवर्सिटीज के लेफ्टिस्ट और जिहाद प्रेरित विद्यार्थियों के दिल में जगह बना चुकी है। संवेदनाएं इजराइल के विरुद्ध इतनी विस्फोटक रूप में बदलीं की येल , कोलंबिया, हार्वर्ड, कैलिफोर्निया सहित देश की 21 यूनिवर्सिटीज को इसकी जद से बाहर कैसे निकलें सूझ नहीं पड़ रहा। उन्मादीयों ने फैसला सुनाया है कि इजराइल से अमेरिका समस्त प्रकार के सम्बन्ध खत्म करे।

चीन से सांठगांठ कर कतर जैसे देश और सोरोस ने अपनी तिजोरी खोल रखी है। अमेरिका के राजनैतिक-पत्रकार-वकीलों सबको उससे पैसा चाहिए। बदले में उन्हें अपने अनुकूल देश के कानून चाहिए और प्रशासन से स्व-पोषित अवैध नागरिक और अराजक तत्वों के प्रति नरमाई। फिर डेमोक्रैट बाइडेन तो ये कह कर फुर्सत पा ही चुके हैं कि अवैध घुसपैठ नहीं रुकी तो एक दिन ऐसा आएगा कि अमेरिका की शक्ल न पहचान पाने की हद तक बदल चुकी होगी। तभी ट्रम्प को वामपंथियों पर निशाना साधते हुए यहां तक कहना पड़ा कि इतिहास में ईसाई धर्म और चर्च को खत्म करने के लिए उसने फासिस्ट शक्तियों के साथ मिलकर हर प्रकार के तरीके अपनाएं हैं। आज के दौर में अब यही वामपंथी अमेरिका को ईसाई धर्म से दूर ले जाने के उद्देश्य से नैतिक-अनैतिक सभी साधनों का भरपूर उपयोग कर रहें हैं। लेकिन यदि वे अब दूसरी बार जीतकर व्हाइट हाउस पहुंचते हैं तो उनका एक लक्ष्य ईसाई मूल्यों की इन वामपंथियों से रक्षा कर मजबूती से स्थापित करने का भी रहेगा। ट्रंप की चेतावनी बेवजह नहीं। देश की बाकी यूनिवर्सिटी की तरह शिकागो में हालत ये हैं कि यूनिवर्सिटी की बिल्डिग और उसके परिसर में गुजरने वाले मार्गों को तहसझ्नहस कर दिया गया है।

फिलिस्तीन समथकों ने इजराइल के झंडे उतार कर अपने झंडे लगा दिए हैं। दूसरी ओरयूनिवर्सिटी प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि जहां अभिव्यक्ति की आजादी चाहिए, वहीं संस्थान को अनुशासन और सुरक्षा भी चाहिए। चौंकाने वाली बात ये है कि पुलिस की छापेमारी में इस संस्थान के अंदर से भड़काऊ साहित्य बाहर निकलकर आ रहा है। न्यूयॉर्क, कोलंबिया और कैलिफोर्निया में जिनकी गिरफ्तारी हुई है उनमें से आधे घुसपैठिया हैं। इनका पढ़ाई से कोई संबंध नहीं निकला।वो केवल मजहब के वास्ते यह जमा थे। आज स्थिति ये है कि लगभग 80 कालेजों में आन्दोलन ने अपना ठिकाना बना लिया है (फर्स्ट पोस्ट)। बताया जाता है चीन, ईरान और इस्लामिक देशों ने अमेरिका के खिलाफ मुहिम शुरू कर दी है। अब तक 400 से अधिक लेख अखबारों में लिखे जा चुके हैं। ट्रम्प के साथी स्टीव बेनन का दावा है कि आज की तारीख में कार्टेल माफिया-नियंत्रित मेक्सिको से भी ज्यादा खतरनाक जगह अमेरिका के विश्वविद्यालय बन चुके हैं। फिलिस्तीन समर्थकों ने विद्यार्थियों के आन्दोलन को अमेरिका विरोधी बना डाला है (ब्रिटिश समाचार पत्र द सन)। अब फिलिस्तीन समर्थित आन्दोलन यूरोप में प्रवेश कर चुका है, लेकिन नीदरलैंड में इसको जैसा चाहिए वैसा जवाब भी मिला है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कदमों पर चलते हुए सड़क पर खड़े किए गए अवरोधों समेत आन्दोलनकारियों को बुलडोजर के सहारे खदेड़ दिया गया।

इधर, दुनिया से बेखबर दूसरी तरफ यहां भारत में राहुल गांधी हिंदुत्व को सबसे बड़ा खतरा बताते हुए हिन्दू राजा-महाराजाओं को बुरा-भला कहने पर उतर आए हैं। इतिहास वैसे तो प्रसंगों से भरा पढ़ा है, लेकिन अलाउद्दीन खिलजी के सिपहसलार मालिक काफूर को ही लें तो पता चलता है कि उसने दक्षिण के देवगिरी को लूटकर 'दौलताबाद' बनाते हुए रामेश्वरम का श्री रामेश्वरम मंदिर ध्वस्त किया। औरंगजेब ने विक्रमादित्य का बनाया काशी विश्वनाथ मंदिर और मथुरा की कृष्ण जन्मभूमि पर स्थित मंदिरों को तोड़कर मस्जिद और ईदगाह खड़ी कर दीं, लेकिन राहुल इस इतिहास को पढ़ना नहीं चाहेंगे। आज स्थिति ये है कि कन्हैया ने दिल्ली में कांग्रेस के टुकड़े-टुकड़े कर डाले हैं। उधर वायनाड में वामपंथी समर्थित विधायक पीवी अनवर राहुल गांधी की बेतुकी बातों को लेकर उनकी वंशावली पर ही संदेह व्यक्त कर रहें हैं. पर राहुल को क्या, उन्हें सारे दोष एक स्वयं को छोड़ कर सबमें नजर आ रहे हैं।

# भारत में गरीबी उन्मूलन पर पूर्व में गंभीरता से ध्यान ही नहीं दिया गया



**प्रहलाद सबनानी**

भारत में हाल ही के वर्षों में गरीबी रेखा के नीचे जीवनयापन करने वाले नागरिकों की संख्या में आई भारी कमी के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, विश्व बैंक एवं विकसित देशों के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थानों ने भारत की आर्थिक नीतियों की मुक्त कंठ से सराहना की है। यह सब दरअसल भारत में तेज गति से हुए वित्तीय समावेशन के चलते सम्भव हुआ है। याद करें वर्ष 1947, जब देश ने राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त की थी, उस समय देश की अधिकतम आबादी गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने को मजबूर थी। जबकि, भारत का इतिहास वैभवशाली रहा है एवं भारत को 'सोने की चिड़िया' कहा जाता था। परंतु, पहिले अरब से आक्रांताओं एवं बाद में अंग्रेजों ने भारत को जमकर लूटा तथा देश के नागरिकों को गरीबी की ओर धकेल दिया। भारत में राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत से 'गरीबी हटाओ' के नारे तो बहुत लगे परंतु, गरीबी नहीं हटी। 'गरीबी हटाओ' के नारे के साथ राजनैतिक दलों ने कई बार सता हासिल की किंतु देश से गरीबी हटाने के गम्भीर प्रयास शायद कभी नहीं हुए और गरीब वर्ग को वोट बैंक के रूप में इस्तेमाल किया जाता रहा। भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को वर्ष 2014 में लागू किया गया जिसके माध्यम से आम नागरिकों के बैंकों में बचत खाते खोले गए, आवश्यकता आधारित ऋष्टा की उपलब्धता सुनिश्चित की गई, धन के प्रेषण की सुविधा, बीमा तथा पेंशन सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। इस योजना के अंतर्गत जमाराशि पर ब्याज मिलता है, हालांकि बचत खाते में कोई न्यूनतम राशि रखना आवश्यक नहीं है। एक लाख रुपये तक का दुर्घटना बीमा भी मिलता है। साथ ही, इस योजना के माध्यम से दो लाख रुपये का जीवन बीमा उस लाभार्थी को उसकी मृत्यु पर सामान्य शर्तों पर मिलता है।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना को सफलता पूर्वक लागू करने के बाद प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना (ऊ्रीू३ ईील्ली३ ळ१ंल्लशी१ ग्ीँ) को भी लागू किया गया जिसके अंतर्गत केंद्र सरकार एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा गरीब वर्ग के हितार्थ चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि को सीधे ही हितग्राहियों के बचत खातों में जमा कर दिया जाता है। इससे विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को 100 प्रतिशत लाभ की राशि सीधे ही उनके हाथों में पहुंच जाती है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत, वर्ष 2013 के बाद से 31 मार्च 2022 तक, 24.8 लाख करोड़ रुपये की राशि सीधे ही लाभार्थियों के बचत खातों में जमा की जा चुकी है, इसमें अकेले वित्तीय वर्ष 2021-22 में ही 6.3 लाख करोड़ रुपये की राशि लाभार्थियों के बचत खातों में हस्तांतरित की गई थी। वर्ष 2014 के पूर्व तक जब इन लाभार्थियों के बचत खाते विभिन्न बैंकों में नहीं खुले थे तब तक कांग्रेस एवं अन्य सरकारों के शासनकाल के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि सामान्यतः नकद राशि के रूप में इन लाभार्थियों को उपलब्ध कराई जाती थी। आपको शायद ध्यान होगा कि एक बार देश के प्रधानमंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी ने कहा था कि केंद्र सरकार से विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहायता की राशि के एक रुपये में से केवल 16 पैसे ही लाभार्थियों तक पहुंच पाते हैं। शेष 84 पैसे इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र की जेब में पहुंच जाते है। अब आप स्वयं आंकलन करें कि यदि बैंक में 50 करोड़ लाभार्थियों के बचत खाते नहीं खुले होते और यदि उक्त वर्णित केवल 8 वर्षों के दौरान उपलब्ध कराई गई 25 लाख करोड़ रुपये से अधिक की सहायता राशि केंद्र सरकार द्वारा विभिन्न लाभार्थियों को नकद राशि के रूप में उपलब्ध कराई जाती तो इन लाभार्थियों के पास केवल 4 लाख करोड़ रुपये की राशि ही पहुंच पाती एवं शेष 21 लाख करोड़ रुपये की राशि इन योजनाओं को चलाने वाले तंत्र के पास ही रह जाती।

अब आप आगे एक और कल्पना कर लीजिये कि पिछले 70 वर्षों के दौरान कितनी भारी भरकम राशि इन गरीब हितग्राहियों तक नहीं पहुंच पाई होगी। इस राशि का आकार शायद आपकी कल्पना से भी परे है। सहायता की यह राशि यदि गरीबों तक पहुंच गई होती तो शायद हो सकता है कि देश से अभी तक गरीबी भी दूर हो चुकी होती। अब जब प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के अंतर्गत सहायता की राशि हितग्राहियों के खातों में सीधे ही पहुंच रही है तो देश से गरीबी भी तेजी से कम होती दिखाई दे रही है, जिसकी तारीफ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मुक्त कंठ से हो रही है।

पिछले 10 वर्षों के दौरान केंद्र सरकार एवं भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा भारतीय बैंकों के माध्यम से इस दृष्टि से बहुत ठोस कार्य किया गया है। न केवल 50 करोड़ से अधिक बचत खाते विभिन्न भारतीय बैंकों में खोले गए हैं बल्कि आज इन बचत खातों में 2 लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि भी जमा हो गई है और बचत की यह भारी भरकम राशि बैंकों द्वारा देश के आर्थिक विकास में उपयोग की जा रही है। इस प्रकार, भारत का गरीब वर्ग भी इन बैंक खातों के माध्यम से देश के आर्थिक विकास में प्रत्यक्ष रूप से अपना योगदान देता हुआ दिखाई दे रहा है। उक्त 50 करोड़ से अधिक बचत खातों में 50 प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं, अर्थात अब भारतीय महिलाएं, ग्रामीण महिलाओं सहित, भी आत्मनिर्भर बनती जा रही हैं। भारी मात्रा में खोले गए इन बचत खातों के माध्यम से गरीब वर्ग के नागरिकों का बैंकिंग सम्बंधी इतिहास भी धीरे धीरे विकसित हो रहा है, जिससे इस वर्ग के नागरिकों को बैंकों द्वारा ऋष्टा प्रदान करने में आसानी होने लगी है। केंद्र सरकार द्वारा बैंकों के माध्यम से लागू की जा रही विभिन्न प्रकार की ऋष्टा योजनाओं का लाभ भी अब गरीब वर्ग को मिलने लगा है। कोरोना महामारी के तुरंत बाद जब देश में स्थितियां सामान्य बनने की ओर अग्रसर हो रहीं थीं तब केंद्र सरकार ने खोमचा वाले, रेहड़ी वाले एवं ठेलों पर अपना सामान बेचकर छोटे छोटे व्यवसाईयों द्वारा अपना व्यापार पुनः प्रारम्भ करने के उद्देश्य से एक विशेष ऋष्टा योजना प्रारम्भ की थी। इस योजना के अंतर्गत उक्त वर्णित छोटे छोटे व्यवसाइयों को बैंक द्वारा आसानी से ऋष्टा प्रदान किया गया था क्योंकि इस वर्ग के नागरिकों के पूर्व में ही बैकों में बचत खाते खुले हुए थे। बैकों द्वारा यह ऋष्टा बगैर किसी व्यक्तिगत गारंटी के प्रदान किया गया था। और, हजारों की संख्या में छोटे छोटे व्यवसाईयों ने निर्धारित समय सीमा में इस ऋष्टा को अदा कर, पुनः बढ़ी हुई राशि के ऋष्टा बैंकों से लिए थे और अपने व्यवसाय को तेजी से आगे बढ़ाया था। बैकों में खोले गए बचत खातों से गरीब वर्ग को इस प्रकार के लाभ भी हुए हैं।

भारत में प्रधानमंत्री जनधन योजना ने देश के हर गरीब नागरिक को वित्तीय मुख्य धारा से जोड़ा है। समाज के अंतिम छोर पर बैठे गरीबतम व्यक्तियों को भी इस योजना का लाभ मिला है। आजादी के लगभग 70 वर्षों के बाद भी भारत के 50 प्रतिशत नागरिक अर्थव्यवस्था की रीढ़ अर्थात बैकों से नहीं जुड़े थे। प्रधानमंत्री जनधन योजना के अंतर्गत खाताधारकों को प्रदान की जाने वाली अन्य सुविधाओं का लाभ भी भारी मात्रा में नागरिकों ने उठाया है। प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 15.99 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं, इनमें 49 प्रतिशत महिलाएं शामिल हैं, इस योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये का जीवन बीमा केवल 436 रुपये के वार्षिक प्रीमीयम पर उपलब्ध कराया जाता है। प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 33.78 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं, इनमें 48 प्रतिशत महिला लाभार्थी हैं, इस योजना के अंतर्गत 2 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा केवल 20 रुपये के वार्षिक प्रीमीयम पर उपलब्ध कराया जाता है। अटल पेंशन योजना से 5.20 करोड़ नागरिक जुड़ गए हैं। मुद्रा योजना के अंतर्गत 40.83 करोड़ नागरिकों को ऋष्टा प्रदान किया गया है प्रधानमंत्री जनधन योजना अपने प्रारम्भिक समय से ही वित्तीय समावेशन के लिए एक क्रांतिकारी कदम मानी जा रही है। इस योजना के अंतर्गत खोले गए बचत खातों में से लगभग 67 प्रतिशत बचत खाते ग्रामीण एवं अर्धशहरी केंद्रों पर खोले गए हैं, जिसे मजबूत होती ग्रामीण अर्थव्यवस्था के रूप में देखा जा रहा है। भारत में बैंकिंग व्यवस्था को आसान बनाने के उद्देश्य से डिजिटल इंडिया को आगे बढ़ाने का कार्य भी सफलतापूर्वक किया गया है। इस योजना के अंतर्गत खोले गए बचत खाताधारकों को रूपे डेबिट कार्ड प्रदान किया गया है। यह रूपे कार्ड उपयोगकर्ता द्वारा समस्त एटीएम, पोस टर्मिनल एवं ई-कामर्स वेबसाइट पर लेनदेन करने की दृष्टि से उपयोग किया जा सकता है। वर्ष 2016 में 15.78 करोड़ बचत खाताधारकों को रूपे कार्ड प्रदान किया गया था एवं अप्रैल 2023 तक यह संख्या बचकर 33.5 करोड़ तक पहुंच गई है।

# ज्ञान के सागर थे श्री श्री स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि

**संध्या एस नायर**

मैं "तुम्हें अपना अशर्त प्रेम प्रदान करता हूं," अपने निर्मल प्रेम के इस शाश्वत वचन के साथ, "ज्ञान के अवतार" अर्थात ज्ञानावतार स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि ने अपने आश्रम में युवा मुकुन्द का स्वागत किया। यही मुकुन्द कालान्तर में परमहंस योगानन्द के नाम से, योगदा सत्संग सोसाइटी ऑफ इण्डिया के संस्थापक, पश्चिम में योग के जनक, तथा अत्यन्त लोकप्रिय आध्यात्मिक गौरव ग्रन्थ "योगी कथामृत" के लेखक के रूप में प्रसिद्ध हुए। यद्यपि घटनाओं के दैवीय नाटक से ऐसा प्रतीत नहीं होता था, परन्तु समबुद्धि गुरुदेव को उनकी इस यात्रा का पहले से ही ज्ञान था और वे अनेक वर्षों से उत्सुकतापूर्वक उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे। जनवरी 1894 में प्रयागराज के पवित्र कुम्भ मेले में श्रीयुक्तेश्वरजी की भेंट हिमालय के अमर गुरु महावतार बाबाजी से हुई थी। यह जानते हुए कि योगानन्दजी पुनः अवतरित हो चुके हैं (मुकुन्द का जन्म 5 जनवरी 1893 को गोरखपुर में हुआ था), बाबाजी ने "पश्चिम में योग के प्रसार" के लिए प्रशिक्षण हेतु श्रीयुक्तेश्वरजी के पास एक युवा शिष्य भेजने का वचन दिया था। बाबाजी ने उनसे सनातन धर्म और ईसाई धर्म के धर्मग्रन्थों में निहित एकता पर एक संक्षिप्त पुस्तक लिखने के लिए भी कहा था। उन्होंने इन शब्दों के साथ उनकी सराहना की, "मैंने जान लिया था तुम्हें पूर्व और पश्चिम में समान रूप से रूचि है। समस्त मानवजाति के लिए व्याकुल होने वाले तुम्हारे अन्तःकरण की व्यथा को मैंने पहचान लिया था।" उनसे समानार्थी उद्धरणों द्वारा यह दिखाने के लिए कहा गया था कि "ईश्वर के सभी प्रेरित, ज्ञानी पुत्रों ने एक ही सत्य का उपदेश दिया है।"



Sri Sri Swami Sri Yukteswar     Sri Sri Paramahansa Yogananda

श्रीयुक्तेश्वरजी ने अपनी स्वभावगत विनम्रता के साथ इस दैवी आदेश को स्वीकार किया, और अन्तर्ज्ञानात्मक बोध एवं गहन अध्ययन के साथ उन्होंने अल्पसमय में ही "कैवल्य दर्शनम " पुस्तक की रचना पूर्ण कर ली। महान प्रभु यीशु के शब्दों को उद्धृत करते हुए, "उन्होंने दिखाया कि उनके उपदेशों में और वेदवाक्यों में वस्तुतः कोई अन्तर नहीं था।" इसके अतिरिक्त, पुस्तक के विभिन्न सूत्रों में श्रीयुक्तेश्वरजी मनुष्य के चित्त की पांच अवस्थाओं की व्याख्या करते हैं, अर्थात अंधकारयुक्त (मूढ़), गतियुक्त (विक्षिप्त), स्थिर (क्षिप्त), भक्तियुक्त (एकाग्र) तथा शुद्ध (निरुद्ध)। वे स्पष्ट करते हैं कि, "चित्त की इन विभिन्न अवस्थाओं के आधार पर मनुष्य का वर्गीकरण किया जाता है, तथा उसकी उन्नति की अवस्था निर्धारित की जाती है।" उनका जन्म 10 मई, 1855 को बंगाल के श्रीरामपुर में हुआ था और उनका पारिवारिक नाम प्रियनाथ कड़ार था। वे महान योगी श्री लाहिड़ी महाशय के शिष्य थे। आगे चलकर वे स्वामी सम्प्रदाय में सम्मिलित हो गए और उन्हें स्वामी श्रीयुक्तेश्वर गिरि का नया नाम मिला। बाबाजी को दिया हुआ अपना वचन निभाते हुए श्रीयुक्तेश्वरजी ने युवा योगानन्दजी को अपने आश्रम में एक दशक तक प्रशिक्षण प्रदान किया। योगानन्दजी ने अपनी पुस्तक "योगी कथामृत" के एक प्रकरण, "अपने गुरु के आश्रम की कालावधि" में श्रीयुक्तेश्वरजी बंगाल के सिंह के साथ व्यतीत किये अपने जीवन का एक भावपूर्ण एवं प्रेमपूर्ण वर्णन प्रस्तुत किया है। वे लिखते हैं कि उन्होंने अपने गुरुदेव को कभी भी माया के किसी आकर्षण से ग्रस्त, या लोभ, क्रोध अथवा किसी के प्रति मानवीय अनुरक्ति की भावना में उत्तेजित नहीं देखा। उनकी आभा "सुखद शान्ति" की थी। उन्होंने अपने मार्गदर्शन में अनेक शिष्यों को सावधान करने के लिए इन शब्दों के साथ क्रियायोग (ईश्वर प्राप्ति के लिए ध्यान की प्राचीन वैज्ञानिक प्रविधि) के अभ्यास की आवश्यकता का स्मरण कराया, "माया का अंधकार धीरे-धीरे चुपचाप हमारी ओर बढ़ रहा है। आओ, अपने अर्न्त में अपने घर की ओर भाग चलें।"

जो शिष्य उनका परामर्श चाहते थे, श्रीयुक्तेश्वरजी उनके प्रति एक गम्भीर उत्तरदायित्व का अनुभव करते थे। वे उन्हें अपने प्रशिक्षण में कठोरता की अग्नि में तपाकर शुद्ध करने का प्रयास करते थे; इस अग्नि की तप्तता साधारण सहनशक्ति से परे होती थी। जब योगानन्दजी ने अपने गुरु के कार्य की अवैयक्तिक प्रकृति को समझा, तो उन्होंने उनकी विश्वसनीयता, विचारशीलता और मौन प्रेम का अनुभव किया। योगानन्दजी अपने प्रिय गुरुदेव के बारे में लिखते हैं, उनके विलक्षण स्वभाव को पूरी तरह पहचानना कठिन था। उनका स्वभाव गम्भीर, स्थिर और वाह्य जगत के लिए दुर्बोध्य था, जिसके सारे मूल्यों को कब के पीछे छोड़कर वे आगे बढ़ गए थे।

# ममता, समता और करुणा की प्रतिमूर्ति है मां



**डॉ. गंगेश गुंजन**

इस धरा की अद्भुत रचना माँ है। माँ है तो जीवन है। इसके बिना संसार असार है। ईश्वर पेटलीकर ने गुजराती भाषा में एक कहानी लिखी- माँ। इसका हिंदी रूपांतरण गोपालदास नागर ने किया। इसमें माँ की ममता का अद्भुत चित्रण है। माँ अपने बच्चों के प्रति सदा सजग रहती है। मंगू पागल एवं जन्म से गूंगी है लेकिन उसके प्रति माँ का प्रेम सहज है। उसके दो स्वस्थ बेटे बराबर कहा करते-माँ! इसे कुछ तो करने दो लेकिन वह कहती कि यह मजबूर है। इसकी व्यथा तुम नहीं समझोगे। चौदहवर्षीया मंगू का पागलपन दूर हो, इसके लिए उसके निकट के लोगों ने सलाह दी कि इसे अस्पताल भेज दीजिए। वह अस्पताल का मतलब गोशाला समझती है। बगल के गाँव की ही एक पागल लड़की कुसुम अस्पताल से स्वस्थ होकर आई है, जो कुछ महीनों तक अस्पताल में रही है। इस कारण उसका कुछ विश्वास अस्पताल के प्रति बढ़ जाता है और वह मंगू को अपने बेटों के साथ अस्पताल छोड़ने के लिए तैयार हो जाती है। वहाँ जाकर अस्पताल की व्यवस्था से संतुष्ट हो, अपनी गूंगी पागल बेटी मंगू को वहीं छोड़ देती है। बहुत सारी बातें डॉक्टर से पूछती है। डॉक्टर के इस आश्वासन के बाद कि इसकी देखभाल हम लोग आपकी तरह ही करेंगे। आप चिंता मत कीजिए। वह बेमन से अपनी बेटी को वहाँ छोड़ती है।लेकिन एक बात की चिंता उसे खायी जा रही है कि अस्पताल के लोग उसे कहाँ सुलाएँगे? जमीन पर तो वह सोती नहीं है। इसी चिंता में उसे रात भर नींद नहीं आती। सुबह जब उठती है तब वह जोर-जोर से चिल्लाने लगती है-बचाओ, बचाओ। कोई मंगू को मार रहा है। वहाँ से उसे वापस लाओ। बेटा समझ जाता है कि उसकी माँ मंगू की याद में पागल हो गई है। यह होती है माँ की ममता। संतान की संवेदना से जुड़ने का नाम ही है माँ।

माँ की ममता अंधी नहीं होती। स्नेह का मतलब यह नहीं कि बच्चे संस्कारहीन हो जाएँ। वह राष्ट्र के लिए जीना सिखाती है और मरना भी। पांडेय बेचन शर्मा उग्र की कहानी 'उसकी माँ' पढ़ने लायक है। स्वाधीनता संग्राम से जुड़ी यह कहानी लाल एवं उसके मित्रों की है। लाल की माँ स्वाधीनता संग्राम में अपना सर्वस्व अर्पित करने के लिए प्रेरित करती है। वह प्रसन्न है कि उसका बेटा स्वाधीनता के लिए संघर्ष कर रहा है लेकिन जब उसे ज्ञात होता है कि उसे मित्रों सहित फांसी होने वाली है तब वह विचलित हो जाती है। पुत्र की वह चिट्ठी जिसमें लिखा होता है- माँ, मेरे लिए उदास मत होना। मरने के बाद मिलने जरूर आऊँगा। इस भावुकता पूर्ण पत्र को पढ़कर माँ की ममता बेटे के बिछोह को बर्दाश्त नहीं कर पाती और लेखक देखकर दंग रह जाता है कि पुत्र वियोग में लाल की माँ निष्प्राण हो जाती है। इस कहानी में माँ की ममता का सजीव चित्रण है। लाल की माँ अपने बेटे को फांसी के फंदे से बचा तो नहीं पाती, लेकिन मरते दम तक भावनात्मक रूप से अपने पुत्र से जुड़ी रही।

गर्भकाल से ही माँ अपने बच्चों का रक्षा कवच बन जाती है। गर्भस्थ शिशु जब संकट में होता है तब माँ दुर्गा स्वरूपिणी हो जाती है-

**दुर्गा क्षमा शिवा धात्री स्वाहा स्वधा नमोस्तुते।**

उत्तरा के गर्भ पर जब ब्रह्मास्त्र चल जाता है यानी एक ऐसा मारक अस्त्र जो कभी निष्फल होता ही नहीं, फिर भी उत्तरा हार नहीं मानती और अपने गर्भस्थ शिशु की रक्षा करने में सफल होती है। ऐसी सैकड़ों कहानियाँ हैं जो माँ के प्रेम, त्याग और समर्पण की भव्यता को अभिव्यक्त करती हैं।



भारत की प्राचीन परंपरा मातृदेवो भव (तैत्तिरीयोपनिषद) के दिव्य उद्घोष से गुंजायमान है। यह दूसरी बात है कि इस गौरव का श्रेय हम दूसरों को दे देते हैं। भारतीय प्राचीन शास्त्रों में माँ की महिमा पर बहुत कुछ कहा गया है, फिर भी शब्दों में इतनी शक्ति नहीं है कि माँ के विराट् चरित को व्यक्त कर सके। स्कंद पुराण का यह लोकप्रिय श्लोक जन-जन की जिह्वा से जुड़ा है-

**नास्ति मातृसमा छाया,नास्ति मातृसमा गतिः।**
**नास्ति मातृसमं त्राणं, नास्ति मातृसमा प्रपा।।**

अर्थात माता के समान कोई छाया नहीं, कोई आश्रय नहीं आदि-आदि।

बीसवीं शती में अविवाहित शांति कार्यकर्ता एना जार्विस के त्याग, समर्पण एवं पीड़ितों की सेवा भावना को देखकर अमेरिकी राष्ट्रपति वुड्रो विल्सन ने 1914 ईस्वी में एक कानून पास कर मदर्स डे की स्वीकृति दी और इसके लिए मई में दूसरे रविवार का दिन निश्चित किया। फिर क्या था,यह मातृ दिवस धीरे-धीरे पचास से अधिक देशों में पूरी भव्यता के साथ मनाया जाने लगा।

वास्तव में, माँ का आंचल अनंत आकाश है। इसमें केवल सुख ही सुख है। इसलिए कहा गया है-

**जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी।**

अर्थात माँ का आश्रय स्वर्गीय सुख को फीका करने वाला है। कुछ उपहार देकर माता के ऋण से उऋण नहीं हुआ जा सकता। माँ से ही सृष्टि है। माँ न होती तो युवा संन्यासी विवेकानंद न होते। सनातन का परचम विश्व में न लहराता। सारा संसार भगवान कृष्ण के गीता ज्ञान से वंचित ही रहता।राम राज्य की कल्पना अधूरी ही रह जाती- भए प्रकट कृपाला दीन दयाला कौशल्या हितकारी। माता-पिता का आशीर्वाद जिसे प्राप्त हो, उसे सफलता के शीर्ष पर विराजमान होने से कौन रोक सकता है? माता जैसी भी है, वंद्या है, आदरणीया है और सुखों की सृष्टि करने वाली है। देव्यपराध क्षमापन स्तोत्र में श्री शंकराचार्य की स्पष्ट धारणा है कि पुत्र कुपुत्र भले हो जाए लेकिन माता कुमाता हो ही नहीं सकती- कुपुत्रो जायेत क्वचिदपि कुमाता न भवति। सर्जना शक्ति से संपन्न होने के कारण महाकवि कालिदास रघुवंश के मंगलाचरण में माता पार्वती की वंदना से आगे की कथा बढ़ाते हैं-

**जगतः पितरौ वन्दे पार्वती परमेश्वरौ।**

माँ के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। सम्माननीया माँ के अतिरिक्त सुभाषितकारों ने एक सूची दी है जिसमें गुरु पत्नी, ब्राह्मणी,राजा की पत्नी, गाय एवं पृथ्वी को माता की संज्ञा दी गई है-

**आत्ममाता गुरुःपत्नी ब्राह्मणी राजपत्नीका।**
**धेनुर्धात्री तथा पृथ्वी सप्तैता मातरः स्मृतः।।**

जितनी श्रद्धा अपनी माँ के प्रति रखते हैं, उतनी ही श्रद्धा धेनु,धात्री,धरित्री आदि के प्रति होनी चाहिए।यह सम्मान सर्व कल्याण की आधार भूमि है।

माँ का होना सुंदर एहसास है। शांति कार्यकर्ता एना जार्विस चाहती थीं कि मातृ दिवस माँ के प्रति अनन्य भक्ति, सेवा व समर्पण का दिन हो लेकिन हुआ ठीक इसका उल्टा। लोग इस दिन होटल में जाकर उत्सव करने लगे। अपनी माँ को कुछ उपहार देकर अपने कर्तव्यों की इति श्री कर ली। एना जार्विस मातृभक्त थीं। अपने जीवन काल में ही इस दिवस की दुर्दशा देखकर दुखी हो गयीं। जिस उद्देश्य से उन्होंने इस दिन के लिए संघर्ष किया था, वह अपने मूल लक्ष्यों से भटककर मौज मस्ती का पर्याय बन गया। शायद यही कारण रहा हो कि अपने जीवन काल में ही इसे बंद करने की उन्होंने वकालत की। इस दिवस की गंभीरता पर आँच न आए, यह दिवस बाजार की भेंट न चढ़े, इसके लिए तनिक ठहरकर सोचने की जरूरत है। हमारी संस्कृति मातृ वंदना से ही प्रारंभ होती है-त्वमेव माता च पिता त्वमेव...। प्रातः स्मरणीया माँ के चिंतन में संतति सुख सर्वोपरि है। संतति सुखी हो,बस इसका ही उसे ख्याल रहता है। वह अपने दुख को अभिव्यक्त ही नहीं कर पाती। बच्चों का मुस्कुराता चेहरा ही उसके दुखों की दवा है। इस मातृ दिवस की सार्थकता होटल में जाकर उत्सव मनाने में नहीं है,अपितु इसकी सार्थकता तभी है जब हम मातृ चरणों में बैठें, उनकी व्यथा समझें, उनके दिव्य चरणरज को स्पर्श कर स्वयं को अलौकिक शक्ति से संपन्न करें।

**उत्थाय मातापितरौ पूर्वमेवाभिवादयेत यह शास्त्र वचन है।**

माँ की ममता, समता और करुणा को रेखांकित करती आधुनिक कवि डॉ. सुनील जोगी की कविता प्रशंसनीय है। इसे युवा पीढ़ी को अवश्य पढ़ना चाहिए- माँ की उपमा केवल माँ है, माँ हर घर की फुलवारी है। माँ मानसरोवर ममता का, माँ गोमुख की ऊँचाई है, माँ परिवारों का संगम है, माँ रिश्तों की गहराई है और अंत में, उनकी कविता से ही समापन करता हूँ-माँ से अच्छी मेरे भगवान की सूरत ही नहीं, माँ है मौजूद तो मंदिर की जरूरत नहीं।

**(लेखक प्लस टू विद्यालय गुलालडीह, देवघर में शिक्षक है।)**

## कभी आदर्श विधानसभा हुआ करती थी शाहपुरा, चढ़ी नशों की भेंट,

# नशों की हालत में चाकू लेकर लोगों पर टूट पड़ा सिरफिरा युवक

## एक व्यक्ति की मौत, 5 से ज्यादा लोग घायल, गुस्साए लोगों ने आरोपी की कर दी धुनाई

## युवाओं को खुलेआम जमकर परोसा जा रहा है नशा, जिम्मेदार हुए मौन

चमकता राजस्थान

**शाहपुरा (खलील कुरैशी)** जयपुर ग्रामीण की शाहपुरा विधानसभा हमेशा से ही अपनी शांति, अमन चैन,और दुरुस्त कानून व्यवस्था के चलते आदर्श विधानसभा मानी जाती रही हैं लेकिन अब नशाखोरी के व्यापार का सबसे सुरक्षित अड्डा बन गयी हैं जिसके कारण हमारा समाज ख़ासकर युवा पीढ़ी निरंतर खोखली होती जा रहीं हैं अगर सूत्रों से मिली जानकारी को सही माना जाये तो सच बड़ा ही डराने वाला है क्योंकि उसके अनुसार स्थानीय पुलिस- प्रशासन की नशें के कारोबारियों की सांठ-गांठ के चलते नशा कारोबारी धड़ल्ले से नशाखोरी का व्यापार कर हमारें स्वर्णिम भविष्य को घोर अंधकार की ओर झोंक रहे हैं जो की शाहपुरा विधानसभा के लिए बहुत ही चिंताजनक है गौरतलब है कि इसका ज्वलंत उदाहरण बीती रात शाहपुरा में देखने को मिला, शाहपुरा सरकारी हॉस्पिटल के बाहर खड़े लोगों पर सिरफिरे नशें के आदी युवक ने वहां मौजूद लोगों पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में 5 से ज्यादा लोग घायल हो गए। हालांकि घटना से गुस्साए लोगों ने आरोपी की धुनाई कर दी। इमरजेंसी वार्ड में तोड़फोड़ कर डॉक्टरों और पुलिस के साथ भी लोगों की हाथापाई हो गई। घायलों को हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।गंभीर घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई।







### घायलों के नाम एवं विवरण जानकारी.

» 1. मुनान खान पिता सिकंदर शाहपुरा नगरपालिका वार्ड 13(2).नजुमुद्दीन कुरैशी पिता सिराजुद्दीन कुरैशी वार्ड 24 (3).शाहरूख खान पिता याकूब वार्ड नं 24 (4). सुनिल असवाल पिता चौथूराम वार्ड 14 5.मोहन लाल जाट पिता बिरजू सिंह छापुडा खुर्द! नशें के आदी अपराधी मनोज सैनी ने चाकूबाजी के इस निंदनीय घटनाक्रम में 5 जनों पर चाकू से वार किया गया जिनमें से तीन मुनान खान,सुनिल असवाल,मोहन जाट को किया जयपुर रैफर तथा नजुमुद्दीन व शाहरुख को प्राथमिक उपचार कर घर भेज दिया उल्लेखनीय है जयपुर ले जाते समय मोहन जाट की मौत हो गई मृतक अपने पिता को अस्पताल में बिमार होने के कारण डाक्टर को दिखाने लाया था। जयपुर में पढाई करता था आज ही घर आया था। जिसके शव को निम्स अस्पताल की मोर्चरी में रखा गया है....

### गुस्साए लोगों एवं पुलिस में हुई झड़प

» अचानक हुई चाकूबाजी की घटना से लोगों में लोगों में अफरा–तफरी का माहौल हो गया। लोग डर के मारे इधर–उधर भागते नजर आए। ग्रामीणों ने जैसे तैसे सिरफिरे युवक की पकड़ कर धुनाई कर दी। मौके पहुंची पुलिस के साथ भी लोगों की झड़प हो गई। पुलिस ने बड़ी मुश्किल से आरोपी युवक को लोगों के बीच निकाला। आरोपी युवक मनोज सैनी व हमले में घायल सुनील, मूनान, शाहरुख, नजमू व मोहन को अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से सभी को को रेफर कर दिया गया है। निम्स हॉस्पिटल में मोहन (23) निवासी छापुड़ा (शाहपुरा) की मौत हो गई।

### आरोपी जमानत पर रिहा होते ही दिया चाकूबाजी की घटना को अंजाम

» आरोपी युवक मनोज सैनी नशे का आदी है। 9 मई को शाहपुरा बाजार में एक चाय की दुकान पर तोड़फोड़ करने के बाद पुलिस ने मौके से शांतिभंग में गिरफ्तार किया गया था। जिसे शुक्रवार को ही जमानत पर रिहा किया गया था। रिहा होने के बाद चाकूबाजी की घटना को अंजाम दिया है।

### गुस्सायी जनता द्वारा रोड जाम करने के प्रयास को पुलिस- जागरूक लोगों की समझाइश ने नाकाम

» घटना के बाद ग्रामीणों ने अजीतगढ़ रोड को जाम करने की कोशिश की। शाहपुरा थाना प्रभारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और स्थानीय जागरूक लोगों ग्रामीणों से समझाइस की। पुलिस ने ग्रामीणों की भीड़ को खदेड़ कर स्थिति पर काबू पाया। माहौल गर्माता देख मनोहरपुर, अमरसर पुलिस थाने का जाब्ता भी मौके पर पहुंचा। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक शांतनु कुमार के निर्देशन में पुलिस ने फिलहाल पूरे मामले को नियंत्रित कर लिया है तथा पुलिस मामले की जांच बारिकी से कर रही है। लेकिन बड़ा सवाल है जब तक नशाखोरी के इस फल फुलते काले व्यापार पर पुलिस प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करेगी तो शाहपुरा विधानसभा की सीधी–सादी जनता इससे भी घातक परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं नशें के अवैध गोरख धंधें के खिलाफ जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों और जागरूक लोगों को स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर मोर्चा खोलना ही पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान परशुराम जन्मोत्सव : शास्त्री नगर में परशुराम जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा

- **प्रदेश में सौ मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा कराने का संकल्प : पंडित सुरेश मिश्रा**



**चमकता राजस्थान। जयपुर (खलील कुरैशी)।** सर्व ब्राह्मण महासभा की और से आराध्य भगवान परशुराम की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्री नगर स्थित कांवटिया सर्किल पर स्थित पीपलेष्वर महादेव मंदिर में पूर्ण विधि विधान से हजारो ब्राह्मणों की उपस्थिति में हुई और शुक्रवार से यहां भगवान परशुराम का नियमित पूजन अर्चन प्रारम्भ हो गया है। कार्यक्रम संयोजक आशीष पराशर ने बताया कि इस अवसर पर ग्यारह विद्वान पण्डितों से विधि विधान से वैदिक मंत्रो के साथ भगवान की प्राण प्रतिष्ठा की। मुख्य यजमान रोहित शर्मा धर्मपत्नी सरोज ने प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पंचकुण्डीय यज्ञ, गणेश मण्डल पूजन, अर्चना, जलाधिवास, अन्नाधिवास, माहान्यास प्राण प्रतिश्ठा के साथ परशुराम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर विभिन्न अधिवास, स्नान, अभिशेक किया गया। पंडितों ने ₹तन्नो परशुराम प्रचोदयात₹ मंत्र के साथ हवन में आहुतियां अर्पित की। पुरूशुक्त से भगवान परशुराम का विधिवत पूजन कर प्राणो का आ’’ान किया गया। इस अवसर पर नगर परिक्रमा के भाव से पहले मूर्ति की यात्रा निकाली गई। जिसमें पंक, ध्वनी, घण्टे घडियाल बजाते हुये परशुराम जी के जयकारे के साथ तपती धूप में सैंकडो महिलाओं और श्रद्वालुओं ने नंगे पाव परिक्रमा की। इसके बाद प्रतिमा को विराजमान कर महाआरती की गई । महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने घोषणा की है कि हर वर्ष जयपुर के प्रमुख मंदिरों में भगवान परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। जयपुर में 32 वीं भगवान परशुराम की प्राण प्रतिष्ठा हुई है और आज हम संकल्प लेते है कि जयपुर में सौ मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी।

- **भगवान परशुराम की जयंती पर निकाली बाइक रैली इधर अक्षय तृतीया**

पर भगवान परशुराम की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम किए गए जयपुर शहर में दर्जन भर से ज्यादा पूजन, रैली, महाआरती आदि कार्यक्रम किए गए। इसी कड़ी में वैशाली नगर में सांगानेर से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज के बेटे कार्तिकेय भारद्वाज ने मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया। वैशाली नगर में नर्सरी सर्किल पर सैकड़ों लोग अपनी मोटर साइकिलों पर भगवा झंडा लगाए हुए इकट्ठे हुए वहां से भगवान परशुराम जी के नारे लगाते हुए मुख्यमार्गों से होते हुए झारखंड महादेव मंदिर पहुंचे जहां कार्तिकेय भारद्वाज ने सभी युवा साथियों को संबोधित किया और बताया कि भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु जी के छठे अवतार हैं।

## भाजपा की स्टार प्रचारक दिया कुमारी ने पश्चिम दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में किया प्रचार

### महिला सम्मेलन में भी की शिरकत

चमकता राजस्थान

जयपुर! खलील कुरैशी। उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को पश्चिमी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के समर्थन में प्रचार किया। दिया कुमारी यहां आयोजित 'महिला सम्मेलन' में शामिल हुई और सम्मेलन को संबोधित भी किया।

केन्द्र की योजनाओं ने दिया संबल

अपने सम्बोधन में उप मुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं के बढ़ते कदम मजबूत और सशक्त भारत की पहचान है, जिसे साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हर पल प्रयासरत है। केन्द्र सरकार की बे-टी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिका जन्म को सुरक्षित करते हुए निःशुल्क शिक्षा व लालन- पालन की व्यवस्था की गई है। उनकी प्रतिभा को पहचान कर उसे अवसर प्रदान किए गए हैं। पोषण अभियान, मिशन वात्सलय, मिशन शक्ति, मातृ वंदन योजना, स्वच्छता, शौचालय निर्माण के माध्यम से उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया, उज्जवला कनेक्शन के माध्यम से उसके समय को बचाया गया, जेजेएम के तहत घरों तक पानी पहुंचाया गया। दिया कुमारी ने कहा कि नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रसवकालीन अवकाश, सेना में स्थाई कमीशन, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी अपग्रेडेशन जैसे कई निर्णय केन्द्र सरकार ने किये। चन्द्रयान की सफलता में महिलाओं का योगदान प्रशंसनीय रहा। एक समय था जब महिलाएं देर रात्रि को आवागमन करने में असुरक्षित महसूस करती थी लेकिन आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में महिलाएं स्वयं को सुरक्षित पा रही है। दिया कुमारी ने सम्मेलन में आ’’ान किया कि यह चुनाव नारी सम्मान का चुनाव है, सुरक्षित भविष्य का चुनाव है। उन्होंने कहा कि मेरा अनुरोध है कि आप कमलजीत सहरावत को भारी मतों से विजयी बनाएं।



- **ये कार्यक्रम में वरिष्ठजन रहे मौजूद**

» सम्मेलन में प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा ऋ ऋत्वा पांडे मिश्रा, जिलाध्यक्ष राजकुमार ग्रोवर, लोकसभा प्रभारी जयप्रकाश, प्रदेश महामंत्री महिला मोर्चा वैशाली पोद्दार व प्रियल भारद्वाज, जिला अध्यक्ष स्वाति शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राधिका, जिला महामंत्री संतोष गुप्ता सहित काफी संख्या में महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं।

## शाहपुरा में सैनी समाज के तृतीय सामूहिक विवाह सम्मेलन का हुआ सफल आयोजन

- **12 जोड़े बने हमसफ़र प्रत्येक वर-वधु को दी गई एक-एक स्कूटी**
- **समाज में पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा को बढ़ावा देने का लिया संकल्प**



**चमकता राजस्थान। शाहपुरा।(खलील कुरैशी)** अक्षय तृतीया पर धार्मिक तीर्थ स्थल त्रिवेणी धाम में स्थित सैनी धर्मशाला में जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा के तत्वावधान में तृतीय आदर्श माली (सैनी) सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित हुआ। सामूहिक विवाह सम्मेलन में 13 जोड़ो का पाणिग्रहण संस्कार शान्ति कुंज हरिद्वार गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने संपन्न करवाया। विवाह के बाद एक दूजे का हाथ थामकर 12 जोड़े जीवन के हम सफर साथी बनें। जय फुले माली विकास जन सेवा समिति शाहपुरा की ओर से प्रत्येक वर-वधु को एक-एक स्कूटी दी गई। सम्मेलन में त्रिवेणी धाम के श्री रामरिछपाल दासजी महाराज एवं सैनी समाज के लोगों ने नव विवाहित वर वधु को आर्शीवाद प्रदान करसुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। इस दौरान सामूहिक भोज का कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर हजारों लोग उपस्थित थे।

### दो गोल्डन कलर एवं एक सफेद कलर का न्नहा शावक दिखाई दिया

# बढ़ा बाघों का कुनबा, जयपुर में रानी बाघिन ने दिया तीन शावकों को जन्म

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** खलील कुरैशी जयपुर के नाहरगढ़बायलॉजिकल पार्क में बाधिन 'रानी' ने शात्रकों को जन्म दिया है। बाधिन ने एक सफेद सहित तीन शावकों को जन्म दिया है। बाधिन रानी और तीनों शावक पर उउळश कैमरे से निगरानी रखी जा रही है। बाधिन और शावकों को गर्मी से बचाने के लिए पिंजरे में कूलर लगाया गया। डीसीएफ जगदीश गुप्ता इसकी मॉनिटरिंग कर रहे है। उ्रऋजगदीश गुप्ता ने बताया शुक्रवार सुबह बाधिन रानी के तीन शावकों को जन्म दिया है। बाघिन के शावकों को जन्म देने की खुशखबरी मिलने का पता चलने पर तुरंत नाहरगढ़ बायलॉजिकल पार्क पहुंच कर जायजा लिया गया। तीनों शावकों में एक सफेद है, जबकि दो गोल्डन कलर के है तीनों शावकों का बाधिन रानी की ओर से पालन पोषण किया जा रहा है। स्टाफ को ओर से बाधिन रानी और उसके तीने शावकों पर उउळश की मदद से पूरी निगरानी रखी जा रही है।गौरतलब है कि साल 2021 में उड़ीसा के नंदनकानन से बाघिन रानी को जयपुर लाया गया था। वहीं, ग्वालियर के गांधी जूलॉजिकल पार्क से बाघ शिवाजी को जुलई 2022 में जयपुर लाया गया था। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में दोनों का जोड़ा बनाया गया था। दरअसल, वन्यजीव एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत शिवाजी को बाधों का कुनबा बढ़ाने के लिए राजस्थान लाया गया था। शिवाजी को जयपुर लाने के बाद से टाइग्रेस रानी के साथ रखा गया था। शिवाजी के बदल जयपुर से एक लेपर्ड, भेड़ए का जोड़ा और एक इंडियन फॉक्स के जोड़े को ग्वालियर के गांधी जूलॉजिकल पार्कको दिया गया था। साफ-सफाई का ध्यान रख रहे डीसीएफ जगदीश गुप्ता ने बताया- बाधिन रानी के प्रेग्नेंट होने का पता चलने पर ही निगरानी शुरू कर दी गई थी। पिछले एक महीने से साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा था। एक केयर टेकर भी लगाया गया है। बाधिन को देखरेख का पूरा जिम्मा उसी केयर टेकर पर रखा गया है।



### गर्मी को देखकर कुलर आदि व्यवस्थाओं से बनाया ठंडा वातावरण

» बढ़ती गर्मी को देखकर बधिन रानी के रहने को जगह पर ठंडावातावरणबनाया गया है। बाधिन और शावकों को गर्मी से बचाने के लिए कूलर की व्यवस्था की गई है। उनके आस–पास टाट की बोरिया लगाई गई हैं, जिन्हें समय–समय पर पानी से गीला किया जा रहा है। इससे बाधिन और शावकों,बाधों के कुनबे में इजाफा पिछले काफी समय से पार्क में 4 ही बाघ–बाघिन थे। बाधिन रानी ने शुक्रवार सुबह 3 शावकों को जन्म दिया। नाहरगढ़ बायोलॉजिकल पार्क में बाब–बाधिन के कुनबे में इजाफा होकर संख्या 7 हो गई है। जन्मे तीनों शावकों में बाघ–बाधिन के बारे में भी पता नहीं है।

## संक्षिप्त खबर

### लकड़ियों में लगी आग बुझाने गई महिला जिंदा जली, मौके पर ही मौत



**चमकता राजस्थान, दौसा।** मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुंडेरा डूंगर की भंडारया ढाणी में गुरुवार रात घर के बाहर लकड़ियों में लगी आग को बुझाते वक्त एक महिला जिंदा जल गईथानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि लाली देवी (50) अपने मकान मेंबरामदे के पास चारपाई पर सोई थी। रात करीब 11 बजे घर के बाहर पड़ी बबूल और नीम की डंडियां जलने का आभास हुआ तो वह तत्काल उठकर बाहर आ गई। भीतर सो रहे बेटे पूरणमल व बहू को जगाने के बजाय खुद ही आग पर पानी डालने लगी। इस दौरान लाली देवी की लूगड़ी में आग लग गई। देखते देखते वह पूरी तरह आग की चपेट में आ गई। लाली देवी के चिल्लाने की आवाज सुनकर बहू घर के बाहर आई तो उसे आग की लपटों में जलता देख सकते में आ गई। बेटा पूरणमल भी बाहर आ गया। लेकिन आग इतनी विकराल थी कि दोनों उसे को बचा नहीं सके। मां को लपटों से घिरा देख चिल्लाने लगे। उन्होंने पानी भी डाला लेकिन लाली देवी की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची तथा ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। तब तक लाली देवी का शरीर पूरी तरह जल चुका था। पुलिस ने शव को सिकराय के उप जिला अस्पताल पहुंचाया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

### बाल विवाह रोकने हेतु मेगा जाजम बैठकों और नारी चौपाल का आयोजन




**चमकता राजस्थान, धौलपुर ( रामदास तरुण)।** 10 मई को शासन सचिव बाल अधिकारिता विभाग और जिला कलक्टर निधि बी टी के निर्देशानुसार सभी शुक्रवार को जिले की सभी 188 ग्राम पंचायतों में मेगा जाजम बैठकों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नारी चौपाल और महिला ग्राम सभाओं का आयोजन भी रखा गया। उक्त कार्यक्रमो में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं सहित पंचायती राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विश्व देव पांडेय एवं उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग द्वारा उक्त बैठकों का भ्रमण कर बाल विवाह निषेध की अपील की गई। महिलाओं ने जाना कि बाल विवाह सबसे ज्यादा उनके लिए ही घातक है एवं इसके लिए उन्हें ही सबसे पहले आगे आना चाहिए। वहीं पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शुक्रवार को अंतिम जानकारी मिलने तक जिले में अलग-अलग स्थानों पर तीन बाल विवाहों को रोकने में सफलता पाई।

### सामूहिक विवाह सम्मेलन में 38 जोड़ों ने एक दूसरे का साथ निभाने की ली शपथ



**चमकता राजस्थान, भरतपुर।** सेलजा वेलफेयर सोसाइटी भरतपुर द्वारा 38 जोड़ों का सामूहिक विवाह हिन्दू रीती रिवाज के अनुसार सम्पन कराये गए। और वैदिक मंत्रों के उच्चारण विधि पूर्वक किया। कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन किसान सेना (आ) का सदस्यता अभियान चलाया गया। जिसमे राजस्थान प्रदेश महासचिव अजमेरी आजाद संभागीय अध्यक्ष डॉ. राजेश मुंद्रा,संभागीय महासचिव हरेंद्र सोगर, जिला सरपंच बनय सिंह तेहरा, महेश चंद, परवेज खान, दिलीप कुमार, अभय सिंह ने शपथ ग्रहण कर किसान सेना को और राष्टीय अध्यक्ष अबनीत पंवार की विचार धारा को जन जन तक पहुंचाने और सामूहिक विवाह सम्मेलन को बढ़ावा देने का कार्य करेंगे। सर्वजातीय सामूहिक विवाह सम्मेलन के साथ-साथ अपने घर जाकर पर्यावरण को बढ़ावा देने हेतु एक-एक पेड़ जरूर लगाएंगे! और 18 वर्ष से कम उम्र की बच्चा / बच्चियों की शादी न तो अपने परिवार में करेंगे! ना हम किसी और को करने देंगे! अगर कोई नहीं मानता है, तो हम प्रशासन को सूचित करेंगे, इस कार्यक्रम के मौके पर रामदास तरुण वरिष्ठ पत्रकार धौलपुर, तेजपाल नेता, बीरेंद्र चुरियारी, विवेक दुबे आदि समाज सेवी हजारों की संख्या में गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### दिन दहाडे चकमा देकर बाइक की डिग्गी से 50 हजार की नगदी पार


**चमकता राजस्थान, नदबई, (राजवीर सिंह) ।** कस्बे में हलैना रोड़ स्थित परचून दुकान से सामान लेने दौरान अज्ञात बदमाश बाइक सवार वृद्व को चकमा देकर बाइक की डिग्गी में रखे करीब 50 हजार की नगदी व अन्य दस्तावेज लेकर फरार हो गया। पीडित की सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल कर आरोपी का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, पुलिस को सफलता नही मिल सकी।पुलिस के अनुसार झौरोल निवासी प्रेम शर्मा अपने पीएनबी बैंक शाखा स्थित बैंक खाते से 50 हजार की नगदी निकालते हुए बैग में रख लिया। हलैना रोड स्थित परचून दुकान पर सामान खरीदने के लिए पीडित ने राशी रखे बैग को बाइक की डिग्गी में रख दिया। इसी दौरान अज्ञात चोर बाइक की डिग्गी में रखे बैग को लेकर फरार हो गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर जांच पडताल की। बाद में पीडित ने पुलिस में मामला दर्ज कराया।

## बाड़मेर जिले में डीएसटी व थाना ग्रामीण पुलिस की कार्रवाई

# दो नाबालिग सहित चार को पकड़ा, लूटी गई कार बरामद

चमकता राजस्थान

**जयपुर/बाड़मेर! (खलील कुरैशी)।** बाड़मेर जिले की डीएसटी व थाना ग्रामीण पुलिस ने गुजरात से टैक्सी कार किराए पर लाकर थाना क्षेत्र में चालक के साथ मारपीट कर लूट की वारदात का खुलासा किया है। इस वारदात के आरोपी अचलाराम उर्फ अशोक जाट पुत्र लिछाराम व उसके भाई मगाराम जाट निवासी असाडा की बैरी थाना ग्रामीण को गिरफ्तार कर दो साथी नाबालिगों को संरक्षण में लिया गया है।एसपी नरेंद्र सिंह मीना ने बताया कि उत्तर प्रदेश के इटावा निवासी कुश यादव ने रिपोर्ट दी कि वह अहमदाबाद में टैक्सी चलाता है। 8 मई को तीन युवक 5 दिन की ट्रिप की कहकर किराए पर चलने को कहा। जिसमें से एक ने अपनी आईडी अचलाराम निवासी थाना ग्रामीण की दी। 9 मई की सुबह वे जब





**गुजरात से टैक्सी किराए पर लाकर लूट की वारदात का किया खुलासा**

दांता गांव के पास पहुंचे तो तीनों ने लघु शंका की कहकर टैक्सी रूकवाई और जान से मारने की धमकी देते हुए टैक्सी लूटकर भाग गए।एसपी मीना ने बताया कि वारदात को गम्भीरता से लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जसाराम बोस व सीओ रमेश कुमार शर्मा के सुपरविजन एवं प्रभारी थाना ग्रामीण विक्रम सिंह एसआई व डीएसटी प्रभारी अमीन खान के नेतृत्व में गठित की गई विशेष टीम द्वारा आसूचना व तकनीकी सहायता से मुलजिम अचलाराम व उसके भाई मगाराम को गिरफ्तार कर लूटी गई कार बरामद की गई।पूछताछ में इन्होंने दो अन्य नाबालिग साथियों के साथ मिलकर टैक्सी कार लूटना स्वीकार किया। इस पर दोनों नाबालिगों को संरक्षण में लिया गया। मामले में आरोपियों से अग्रिम अनुसंधान व पूछताछ की जा रही है।

### गौड़ सनाढय फाउंडेशन ने भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया



**धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में गौर सेवा के फाउंडेशन के द्वारा भगवान परशुराम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया! इस अवसर पर गौड़ सनाढय फाउंडेशन के वरिष्ठ नेता रामसिंह पंडित, प्रमोद शर्मा जिला, महामंत्री सुरेश शर्मा प्रिंसिपल केदार शर्मा करेरूआ, विश्मबर शर्मा ,नरेंद्र शर्मा एडवोकेट सहित विप्र बंधु रहे उपाथित रहे। विप्रजनों ने चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार है। राम के अवतार से पूर्व भगवान परशुराम ने धरती पर अधर्म के नाश के लिए संकल्प लिया जिसे पूरा किया और अपने कार्यों से यह संदेश दिया की अधर्म को सहन मत करो लडो और जीतो विप्र बंधुओ ने भगवान परशुराम का मनाया जन्मोत्सव।

# सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा जलाने से शहरवासी परेशान, धुएं से घुटता दम



चमतता राजस्थान

**धौलपुर (रामदास तरुण) बाड़ी।** नगरपालिका के द्वारा सफाई व्यवस्था को लेकर कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है, अब तो हालत इतनी खराब हो चुके हैं! कि सफाई कर्मचारी शहर के अंदर ही तंग गलियों में पॉलीथिन व कचरे को एकत्रित करके आग लगा देते हैं! जिससे आसपास रहने वाले लोगों का दम घुटने लगता है! जिसे लेकर कई बार उन्होंने शिकायत भी दर्ज कराई है! तथा समाचार पत्रों ने खबर के माध्यम से यह परेशानी सार्वजनिक भी की है! लेकिन इस समस्या को लेकर ना तो नगरपालिका ही संवेदनशील दिखाई दे रही है! और ना ही कोई आला अधिकारी इस पर ध्यान दे रहा है।

**छोटी-छोटी गलियों में जलाते हैं प्लास्टिक की थैली व कचरा**

स्थानीय लोगों ने बताया कि नगरपालिका के कर्मचारी आस पास के कचरे को एकत्रित कर उसे शहर से बाहर नहीं ले जाते बल्कि वही आग लगा देते हैं! जिससे छोटी-छोटी गलियों में धुएं का गुबार उठता रहता है! जिसके चलते लोगों को दमा, सांस, खांसी जैसी परेशानियां होने लगी है! कई लोग सांस की बीमारी से पीड़ित मरीजों को बेहद तकलीफ होती है, साथ ही सुबह-शाम घूमने वाले लोग भी मुंह पर रूमाल रख के बाहर निकलने को मजबूर हैं। नगरपालिका का वह वाहन जो शहर के कचरे को शहर से बाहर ले जाने के लिए उपयोग में लाया जाना चाहिए, अक्सर देखने को मिलता है, कि वही शहर के अंदर कचरा फैलता है जिस सरकारी ट्रैक्टर के माध्यम से शहर से कचरा बाहर ले जाया जाता है उसे इतना अधिक भर लिया जाता है, कि वह शहर भर की गलियों में कचरे को फैलता हुआ जाता है।

**निजी कंपनी भी सफाई व्यवस्था को लेकर हुई फेलः शहर को इंदौर बनाने का सपना अधूरा**

सपना दिखाने वाली निजी कंपनी बेसिक्स भी सफाई व्यवस्था को लेकर फेल नजर आती है, क्योंकि शहर में ना तो कहीं साफ सफाई देखने को मिल रही है! और ना ही कचरे के निस्तारण की कोई समुचित व्यवस्था है जिसके चलते अब लोग गंदगी में रहने को मजबूर है, नगरपालिका से परेशान हर व्यक्ति निजी कंपनी से राहत की उम्मीद लगाए हुए बैठा था! लेकिन शहर में लगातार बढ़ती गंदगी को लेकर यह अरमान भी ठंडा ही नजर आ रहा है।

**क्या कहते हैं अधिशासी अधिकारी**

नगरपालिका बाड़ी के अधिशासी अधिकारी रविंद्र कुमार से जब इस मामले में जानना चाहा तो उन्होंने कहा कि मेरी नॉलेज में नहीं है! यदि सफाई कर्मी कचरे में आग लगाते हैं, तो वह गलत है! जो सफाई कर्मी कचरा में आग लगा रहा है उसके विरुद्ध कार्रवाई की जावेगी।

### झालावाड़ जिले में कोतवाली पुलिस की तत्परता से बची युवक की जान



**हत्या के इरादे से घूम रहे बदमाश को लोडेड पिस्टल सहित किया गिरफ्तार, मैगजीन में थे दो कारतूस**

**जयपुर/झालावाड़, (खलील कुरैशी)।** झालावाड़ जिले की कोतवाली थाना पुलिस की टीम की तत्परता से एक युवक की जान बच गई। हत्या के इरादे से पिस्टल में दो कारतूस लोड कर घूम रहे बदमाश ऋषि पारीक पुत्र सुनील पारीक निवासी तबेला रोड कायस्थ मोहल्ला को पुलिस ने घेर कर गिरफ्तार कर लिया। एसपी ऋचा तोमर ने बताया कि गुरुवार को थाना कोतवाली पर एक युवक ने सूचना दी कि पुरानी रंजिश के चलते ऋषि पारीक नाम का एक व्यक्ति पिस्टल लेकर उसे जान से मारने की नीयत से घूम रहा है। सूचना को कोतवाली थाना पुलिस द्वारा गंभीरता से लिया गया। एसपी तोमर ने बताया कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक चिरंजी लाल मीना व सीओ हर्षराज सिंह खरेड़ा के सुपरविजन एवं एसएचओ चंद्रज्योति शर्मा के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। गठित टीम द्वारा मुखबिरी तंत्र मजबूत कर आरोपी ऋषि के बारे में जानकारी हासिल की।एक्शन प्लान के तहत दबिश देकर पकड़ कर चैक किया तो उसके पास एक देशी पिस्टल मिली, जिसकी मैगजीन में दो कारतूस लोड थे। आरोपी को आर्म्स एक्ट में गिरफ्तार कर पुलिस रिमांड पर लेकर हथियार प्राप्ति के स्रोत एवं अन्य व्यक्तियों की संलिप्तता के बारे में गहनता से अनुसंधान किया जा रहा है। इस कार्रवाई में कांस्टेबल शयामलाल की विशेष भूमिका रही है।

# श्रीनगर में भगवान परशुराम जन्मोउत्सव एवं अक्षय तृतीया के उपलक्ष्य पर निकाली गयी भव्य शोभा यात्रा

➲ **स्थानीय निवासियों ने जगह जगह पुष्प वर्षा से किया आत्मीय अभीनन्दन**

चमकता राजस्थान

**श्रीनगर (रघुनन्दन पारीक)।** श्रीनगर कस्बे कस्बे मैं अक्षय तृतीया आखातीज पर शुक्रवार को सर्व ब्राह्मण समाज की ओर सेभगवान परशुराम का जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। खेड़ा चौराहा स्थित संस्कृत विद्यालय में परशुराम जयंती को लेकर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। ब्राह्मण समाज के अजीत पुरोहित ने बताया कि सुबह 8:30 बजे चारभुजा मंदिर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा शुरू हुई। यहां वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पहले भगवान परशुराम का पूजन किया गया। समाज की महिलाएं एवं पुरुष चंदन का तिलक लगाए एवं भगवा दुपट्टा ओढ़े चल रहे थे। मार्ग में महिलाए भगवान परशुराम की आराधना करते हुए ढोल की थाप पर नाचती हुई नजर आई। महिलाएं हाथ में भगवा पताकाएं लिए हुई थी थी खारा कुआं होना की हटाई अजमेरी गेट बस स्टैंड एवं सती माता मंदिर पर कस्बे वासियों की ओर से शोभायात्रा में शामिल विप्र जनों को अल्पाहार एवं शीतल पेय उपलब्ध कराया। एसबीआई बैंक अजमेरी गेट एवं बस स्टैंड पर कस्बे वासियों की ओर से भगवान परशुराम की शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की गई। सुबह यात्रा चारभुजा मंदिर से शुरू होकर सदर बाजार अजमेरी गेट ,बस स्टैंड, सती माता होते हुए खेड़ा चौराहा से बालाजी मंदिर पहुंची। खेड़ा स्थित




बामनिया बालाजी पर ब्राह्मण समाज की ओर से चोला एवं ध्वज चढ़ाया गया।यहां के संस्कृत विद्यालय पर सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। यहां वक्ताओं ने भगवान परशुराम के जीवन पर प्रकाश डालकर उनके जीवन से प्रेरणा लेने का आ''ान किया। महिलाओं ने भगवान परशुराम के भजनों की प्रस्तुतियां दी समाज के भजन गायक अभिजीत गोड ने गिटार पर भजनों की स्वर लहरियां बिखेर कर सबको मंत्र मुक्त कर दिया। शोभा यात्रा में समाज के वरिष्ठ जन ललित मोहन जोशी सुभाष मिश्रा, तेजपाल जोशी, सुशील पुरोहित प्रेम प्रकाश बोहरा, ओमप्रकाश पारीक, रोहित तिवारी, राकेश जोशी, अभिजीत गोड,रतन मिश्रा, विष्णु शर्मा, मुकेश मिश्रा, रमेश चंद्र जोशी, किशन अवतार पारीक, कमल किशोर जोशी ,पुष्पेंद्र जोशी अनिल पुरोहित बृजेश पुरोहित, इंदर चंद जोशी,नरेंद्र मिश्रा वीरेंद्र मिश्रा,पंकज जोशी सत्यनारायण पारीक,सुरेश गौड महेंद्र मिश्रा सोनू मिश्रा दिनेश पाराशर रघुनंदन पारीक, आदि वरिष्ठ जन उपस्थित थे।

### भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर निकाला भव्य चल समारोह



चमकता राजस्थान

**चौहमला (रमेश मोदी)।** धर्म के रक्षक, कर्म के दाता ओर परब्रह्म के साथ ही अष्ट चिरंजीवी में एक भगवान परशुराम जी के जन्मोत्सव पर सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा नगर में भगवान परशुरामजी की शोभायात्रा निकाली गई शोभयात्रा दुर्गा माता मंदिर से भगवान परशुरामजी की वैदिक मंगल मंत्रोंके साथ पूजन -अर्चन कर शुरू हुई जो नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई ,वापस मंदिर प्रांगण पहुची । जंहा महा आरती के बाद चल समारोह का समापन किया ,चल समारोह में,खास बात यह रही कि शोभायात्रा में इंद्र देव ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई शोभायात्रा का रास्ते में जगह जगह स्वागत किया गया। शोभायात्रा का भंडारी परिवार, सेलिब्रेशन ग्रुप,भाजपा मंडल, तिवारी परिवार द्वारा स्वागत किया गया,भाजपा मंडल अध्यक्ष गोतम जैन द्वारा ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष ओम प्रकाश तिवारी का साफा बांधकर सम्मान किया शोभायात्रा को लेकर कस्बे में जगह जगह स्वागत द्वार लगाये । नगर में मुख्य झंडा चोक पर देश में शांति व समृद्धि व खुशहाली के लिए शांति पाठ किया गया, व दश रथ पांडे द्वारा परसे के साथ करतब दिखाए गए चल समारोह गाजे-बाजे के साथ सजे-धजे रथों में भगवान परशुराम की झांकी के साथ निकाला गया जिसमें स्थानीय समाज बंधुओं के साथ-साथ समाज के आसपास के क्षेत्र के लोग भी मौजूद रहे। शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज अध्यक्ष ओमप्रकाश तिवारी, ओमशर्मा, मोहनलाल शर्मा, रमेश चंद्र शर्मा, मुथरेश शर्मा, कौशल शर्मा, राजेश तिवारी, कैलाश तिवारी, कुमौद शर्मा, धनशयाम व्यास, पूरन शर्मा सहित चौमहला, गंगधार सहित आसपास के समाज के लोग मौजूद रहे।

# दौसा: अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया

चमकता राजस्थान

दौसा। अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को भगवान परशुराम का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय पर ब्राह्मण समाज दौसा द्वारा भव्य कलश व शोभायात्रा निकाली गई। सुबह सोमनाथ मंदिर से गाजेबाजे और शाही लवाजमे के साथ शोभायात्रा रवाना हुई। जिसमें सैकड़ों कलश धारी महिलाएं और केसरिया साफे पहने हुए पुरुष शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा में भगवान परशुराम की जीवंत झांकी भी प्रदर्शित की गई। शोभा यात्रा का शहर में अभूतपूर्व स्वागत किया




गया। लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा की। शीतल जल व शरबत-ठंडाई का वितरण किया। शोभायात्रा आगरा रोड, पीजी कॉलेज, गांधी तिराहा, लालसोट रोड, रामकरण जोशी स्कूल, शिव सर्कल, गुप्तेश्वर दरवाजा, जिला अस्पताल होते हुए चाणक्य छात्रावास पहुंची। जहां भगवान परशुराम की महा-आरती की गई। चाणक्य छात्रावास पर विप्र स्नेह भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज के हजारों लोगों ने पंगत प्रसादी ग्रहण की। शोभा यात्रा में पूर्व विधायक शंकर शर्मा, ज्योतिषाचार्य पं पुरुषोत्तम गौड़, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रतन तिवारी, गौड सनाढ्य ब्राह्मण सभा के जिला अध्यक्ष वैद्य लक्ष्मीकांत शर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष सुरेश घोसी, पूर्व पालिका अध्यक्ष पुष्पा घोसी, शिवचरण गुरु का खेडा पूर्व तहसीलदार ज्ञानचंद जैमन, बाबूलाल जैमन, नरेंद्र जैमन आदि थे। आयोजन समिति के सदस्य अरुण शर्मा ने बताया कि विप्र बंधुओं के भोज की व्यवस्था दीपक तिवाडी नारायण पेट्रोल पंप द्वारा की गई। कलश के लिए राजेंद्र शर्मा, विनोद शर्मा अक्षरधाम, डॉ प्रभु दयाल शर्मा जिला अध्यक्ष भाजपा, सीताराम शर्मा ट्रांसपोर्टर, अरुण शर्मा पूर्व फोरेस्टर, ज्ञानचंद जैमन, पूर्व तहसीलदार द्वारा सहयोग मिला है। शंकर शर्मा पूर्व विधायक द्वारा सभी के लिए साफे की व्यवस्था की है। इसी क्रम में ध्वजा, बाजा, घोड़ी, लवाजमा आदि की व्यवस्था समाज के सहयोगियों द्वारा उपलब्ध कराई गई है।

## नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में अदालत का बड़ा फैसला

# दो दोषी करार, तीन आरोपियों को किया बरी

पुणे/एजेंसी।



महाराष्ट्र से बड़ी खबर सामने आ रही है. पुणे की अदालत ने नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड मामले में बड़ा फैसला लेते हुए दो को दोषी करार दिया है. जबकि तीन आरोपियों को बरी किया गया है. विशेश कोर्ट ने अंधविश्वास के खिलाफ लड़ाई लडने वाले कार्यकर्ता डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या केस में 11 साल बाद बड़ा फैसला सुनाया है. इस हत्या दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए कोर्ट ने उम्र कैद की सजा सुनाई है. जबकि मास्टरमाइंड डॉ. वीरेंद्र तावड़े समेत दो आरोपी वकील संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को अदालत ने बरी किया है. इसके पीछे सबूतों का अभाव को बड़ी वजह बताया गया है.

पुणे की विशेष कोर्ट ने नरेंद्र दाभोलकर को गोली मारने वाले मुख्य आरोपी शरद कालस्कर और सचिन एंडुरे को दोषी करार दिया. इन दोनों ही आरोपियों को कोर्ट ने लाइफटाइम इम्प्रिजरमेंट यानी उम्र कैद की सजा सुनाई है. इसके साथ ही इन दोनों पर ही 5 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है.

पुणे के ओंकारेश्वर ब्रिज पर सुबह की सैर करने निकले सामाजिक कार्यकर्ता नरेंद्र दाभोलकर पर 20 अगस्त 2013 को दो लोगों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसाई थीं. इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को आरोपी बनाया था. इसी मामले में 11 साल बाद कोर्ट ने अपना फैसला सुनाया है. ये फैसला गैरकानूनी गतिविधियों अधिनयम से जुड़े केस की स्पेशल कोर्ट के एडिशनल जज ए ए जाधव ने अपना फैसला सुनाया है.

बता दें कि इस मामले की शुरुआत जांच पुणे पुलिस कर रही थी, लेकिन बॉम्बे हाई कोर्ट के आदेश के बाद 2014 में इस मामले को सीबीआई को सौंप दिया गया था. जून 2016 में हिंदू दक्षिणपंथी संगठन सनातन संस्था से जुड़े डॉ. वीरेंद्र सिंह तावड़े को अरेस्ट किया गया था. अभियोजन पक्ष के मुताबि तावड़े ही इस पूरे मामले में साजिशकर्ता था.

दरअसल नरेंद्र दाभोलकर की संस्था महाराष्ट्र अंधश्रद्धा निर्मूलन समिति की ओर से किए कामों का विरोध करती थी. इसी संस्था से तावड़े और कुछ अन्य आरोपी भी ताल्लुक रखते थे. इस मामले की जांच कर रही सीबीआई ने भगोड़े सारंग अकोलकर और विनय पवार को शूटर करार दिया था.

# मोदी का गारंटी बनेगी भाजपा की हार की मुख्य वजह : गहलोत



चमकता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री और अमेठी सीट के सीनियर ऑब्जर्वर अशोक गहलोत ने शुक्रवार को लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार की भविष्यवाणी कर दी। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी के बयानों में उनकी बौखलाहट झलक रही है। इससे लगता है कि वे चुनाव हार रहे हैं। इसका प्रमुख कारण है कि इस बार भाजपा का नाम ही नहीं है, सिर्फ मोदी की गारंटियों को भुनाया जा रहा है। अमेठी के लिए रवाना होने से पहले अपने आवास पर मीडिया से बातचीत में गहलोत ने कहा कि लगता है कि अमित शाह और नरेंद्र मोदी ने गलती कर दी। उन्होंने चुनाव से पहले यह साफ कर दिया कि चुनाव सिर्फ मोदी के नाम पर होगा। अबकी बार फिर मोदी सरकार और मोदी की गारंटी के नाम पर चुनाव होगा। किसी सांसद का नाम नहीं आएगा। पूरे देश में जो ब्रांडिंग हो रही है। उसमें भाजपा तक का का नाम नहीं है। सिर्फ मोदी की गारंटी है। यही इनकी हार का सबसे बड़ा कारण बनेगा।

### ● जा रही हैं भाजपा सरकार और आ रही इंडिया गठबंधन सरकार

» उन्होंने कहा कि राजस्थान के विधानसभा चुनाव में पीएम मोदी उन पर हमला करते थे कि अब कभी सीएम नहीं बनूंगा। वो भविष्यवाणी कर रहे थे, लेकिन मैं भविष्यवाणी नहीं कर रहा हूं, जो अभी चुनाव में दिख रहा है, वो बता रहा हूं कि जिस तरह पीएम मोदी कभी हमारे चुनावी घोषणा पत्र को मुस्लिम लीग से जोड़ते हैं। ऐसा लग रहा है कि भाजपा सरकार जा रही है।

### ● अंबानी-अडानी का नाम लेकर इतिहास रच दिया

» गहलोत ने कहा कि अब पीएम मोदी ने अडानी और अंबानी का नाम लेकर इतिहास बना दिया है। पूरा देश हंस रहा है और गुस्से मेंभी है। लोग समझ नहीं पा रहे हैं कि वे ऐसा क्यों बोले। भाजपावाले भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि इस पर क्या कमेंट करें।

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने हेतु मेगा जाजम बैठकों और नारी चौपाल का आयोजन



**चमकता राजस्थान धौलपुर( रामदास तरुण) धौलपुर, 10 मई।** को शासन सचिव बाल अधिकारिता विभाग और जिला कलक्टर निधि बी टी के निर्देशानुसार सभी शुक्रवार को जिले की सभी 188 ग्राम पंचायतों में मेगा जाजम बैठकों का आयोजन किया गया। इसके साथ ही नारी चौपाल और महिला ग्राम सभाओं का आयोजन भी रखा गया। उक्त कार्यक्रमो में महिला अधिकारिता विभाग की साथिनों, महिला एवं बाल विकास विभाग की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं सहित पंचायती राज विभाग के ग्राम विकास अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया। सहायक निदेशक बाल अधिकारिता विभाग विश्व देव पांडेय एवं उपनिदेशक आईसीडीएस भूपेश गर्ग द्वारा उक्त बैठकों का भ्रमण कर बाल विवाह निषेध की अपील की गई। महिलाओं ने जाना कि बाल विवाह सबसे ज्यादा उनके लिए ही घातक है एवं इसके लिए उन्हें ही सबसे पहले आगे आना चाहिए। वहीं पुलिस एवं प्रशासन द्वारा शुक्रवार को अंतिम जानकारी मिलने तक जिले में अलग-अलग स्थानों पर तीन बाल विवाहों को रोकने में सफलता पाई।

## पीएम मोदी ने ऐसा किया फिर भी हनुमान बने हुए हैं चिराग : तेजस्वी यादव

**पटना।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने एक बार फिर से पीएम नरेंद्र मोदी पर हमला बोला है। चिराग पासवान द्वारा आरक्षण पर दिए गए बयान के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि इस पर ज्यादा टीका-टिप्पणी करने की जरूरत नहीं है। चिराग पासवान खुद ही कहते थे कि वह संपन्न दलित हैं। उनको आरक्षण वापस लौटा देना चाहिए। पीएम मोदी ने तो



चिराग पासवान के साथ अन्याय किया है। उनके पिताजी की मूर्ति को फेंकवाया। उनके घर को खाली करवाया। उनके पार्टी को तुड़वाया। उनकी पार्टी सिंबल जो बांग्ला था, उसको छीनने का काम किया। घर में चाचा भतीजे में लड़ाई लगवाए फिर भी चिराग पासवान मोदी जी के हनुमान बने हुए हैं। कोई भी खुदगर्ज आदमी होता मोदी जी के साथ नहीं रहता। लेकिन, पता नहीं चिराग पासवान की अपनी सोच है। वह स्वतंत्र हैं किसी के साथ भी रहने के लिए। तेजस्वी यादव ने तंज कसते हुए कहा कि आरक्षण के बारे में चिराग पासवान को थोड़ी भी जानकारी नहीं है। ना ही आरएसएस के इतिहास की उनको जानकारी है। थोड़ा आरक्षण के बारे में जानकारी प्राप्त करें और जानकारी तभी उनको प्राप्ति हो सकती है जब अपने पिताजी रामविलास पासवान के भाषणों को वह सुनेंगे। रामविलास जी कई बार कह चुके थे कि भाजपा दंगाई पार्टी है। आरक्षण विरोधी है। आरक्षण समाप्त करना चाहती है। इस कारण उन्होंने मंत्रीमंडल से इस्तीफा भी दिया था।

# ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट खुले, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

रुद्रप्रयाग/एजेंसी।

विश्वप्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग केदारनाथ धाम के कपाट जय बाबा केदारनाथ के उदघोष और सेना के ग्रेनेडियर रेजीमेंट की बैंड की भक्तिमय धुनों के बीच इस यात्रा वर्ष शुक्रवार को ठीक 7 बजे विधि-विधान से खुल गए हैं। इस मौके पर दस हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के गवाह बने।

उत्तराखंड के सीएम पुष्कर सिंह धामी कपाट खुलने के अवसर पर मौजूद रहे। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं को बधाई दी और देश एवं प्रदेश की खुशहाली की कामना की।

सीएम ने कहा कि इस बार चारधाम यात्रा नया कीर्तिमान बनाएगी। प्रदेश सरकार तीर्थयात्रियों की सभी सुविधाओं के लिए प्रतिबद्ध है। इस दौरान सात हजार से अधिक श्रद्धालु कपाट खुलने के साक्षी बने। मंदिर को 20 क्विंटल से अधिक फूलों से सजाया गया था। कपाट खुलते समय तीर्थयात्रियों



पर आसमान से हैलीकाप्टर से पुष्पवर्षा की गई। मुख्य सेवक भंडारा कार्यक्रम समिति ने श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे भी आयोजित किए गए। केदारनाथ में मौसम भी साफ है।

कपाट खुलने की प्रक्रिया के तहत गुरुवार शाम को भगवान केदारनाथ की पंचमुखी उत्सव मूर्ति पंचकेदार गद्दी स्थल श्री ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ से विभिन्न पड़ावों गुप्तकाशी, फाटा, गौरीकुंड से होते हुए केदारनाथ धाम पहुंची थी।

शुक्रवार तड़के चार बजे से मंदिर परिसर और दर्शन पंक्ति में यात्रियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इसके बाद बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय, रावल भीमाशंकर लिंग, मुख्यकार्याधिकारी योगेंद्र सिंह पुजारी, धर्माचार्य वेदपाठी तथा केदार सभा के पदाधिकारी तथा जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार प्रशासन के अधिकारी पूरब द्वार से मंदिर पहुंच गए। उसके पश्चात रावल धर्माचार्य तथा पुजारी गणों ने द्वार पूजा शुरू की। ठीक सुबह सात बजे बजे केदारनाथ धाम के कपट खोल दिये गये। कपाट खुलने के बाद भगवान केदारनाथ के स्वयंभू शिवलिंग को समाधि रूप से श्रृंगार रूप दिया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने दर्शन शुरू किये।

कपाट खुलने के अवसर पर बीकेटीसी अध्यक्ष अजेंद्र अजय ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बीते यात्राकाल में रिकॉर्ड तीर्थयात्री केदारनाथ धाम पहुंचे। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि होगी।

कार्यक्रम के अनुसार 6 मई को ओंकारेश्वर मंदिर उखीमठ में भगवान भैरवनाथ की पूजा हुई थी।

## बिन पानी सब सून, अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी का इंतजार करती गाय



**चमकता राजस्थान।** पाली / रोहट उपखंड क्षेत्र के डूंगरपुर गांव में एक अवाले में गाय अपनी प्यास बुझाने के लिए पानी के इंतजार में खड़ी रही। अत्यधिक भीषण गर्मी के मौसम में बेजुबान जानवर अपनी प्यास बुझाने के लिए इधर उधर भटकते है। लेकिन उनको कई पर भी पानी नहीं मिलता है, इंसान को प्यास लगने पर वे पानी मांग सकता है, लेकिन बेजुबान जानवरो के लिए पानी तलाशना बहुत मुश्किल काम है। आखिर में वे अपने लिए बनाए गए स्त्रोत अवाले पर जाते है तो वहां पर भी उनको पानी नहीं मिलता है, उनकी प्यास नहीं बुझती है। भास्कर की टीम ने इस तश्वीर को अपने कैमरे में कैद किया। कांग्रेस नेता राजाराम सरगरा ने कहां की जलदायक विभाग, प्रशासन द्वारा इस भीषण गर्मी में लापरवाही करने को देखने को मिल रही है, काफी क्षेत्रों में पेयजल की सप्लाई समय पर नहीं होने पर बेजुबान जानवर अपनी प्यास नहीं बुझा सकता है। और न ही आमजन इस समस्या से छुटकारा पा सकते है। इसलिए प्रशासन को अत्यधिक भीषण गर्मी के मौसम को देखते हुए टूटे-फूटे अवाले व टंकियों को मरम्मत करवाकर तुरंत प्रभाव से पेयजल की सप्लाई समय पर करनी चाहिए।

# कांग्रेस का हाथ आतंकवादियों और पाकिस्तान के साथ

## मणिशंकर अय्यर के बयान पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली/एजेंसी।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर के बयान की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पाकिस्तान प्रेम थमने का नाम नहीं ले रहा है। अब कांग्रेस भारत में आतंकवादी भेजने वाले पाकिस्तान को इज्जत देने की बात कर रही है। कांग्रेस का हाथ आतंकवादियों एवं पाकिस्तान के साथ दिख रहा है और अब इसका एक और प्रमाण सामने आ गया। पूनावाला ने मणिशंकर अय्यर के बयान को लेकर गांधी परिवार और कांग्रेस पर सवाल खड़ा करते हुए कहा, कांग्रेस परिवार के करीबी मणिशंकर अय्यर जो कि पीएम मोदी को हटाने के लिए एक बार पाकिस्तान से मदद मांगने भी गए थे, अब वह पाकिस्तान की ताकत और उसके परमाणु बम को दिखा रहे हैं। मणिशंकर अय्यर, भारत में आतंकवादी भेजने वाले पाकिस्तान को इज्जत देने की बात कर रहे हैं, जबकि इसी कांग्रेस के नेता हमारी सेना के लिए अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। मणिशंकर अय्यर हमारी सेना के बंदूक लेकर घूमने, मोदी सरकार द्वारा सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान को सबक सिखाने जैसे कदमों की बजाय यह चाहते हैं कि भारत अपनी सुरक्षा के लिए कदम न उठाए। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस सरकार के समय मुंबई में 26/11 के भयानक आतंकी हमले के बाद भी मनमोहन सिंह की सरकार ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के बजाय उसे मोस्ट फेवर्ड नेशन का दर्जा दे दिया था। उनकी सरकार के समय लगातार आतंकी घटनाएं होती थीं और भारत अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर मदद की गुहार लगाया करता था। लेकिन पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने जिस तरह से पाकिस्तान को सबक सिखाने का काम किया है, उसके बाद अब हालत यह हो गई है कि पाकिस्तान को अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर गिड़गिड़ाना पड़ रहा है। देश में चल रहे लोकसभा चुनाव की तरफ इशारा करते हुए शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि पाकिस्तान के साथ कांग्रेस के संबंधों की एक लंबी श्रृंखला है।

# श्री शक्ति सोम ग्रुप के तत्वाधान में पंचायत समिति परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए बांधे परिंडे

## श्री सोम शक्ति ग्रुप की संचालक डॉक्टर सुमन मीणा के नेतृत्व में ग्रुप की सदस्यों ने परिंडो को बांधने में किया सहयोग

चमकता राजस्थान

उदयपुरवाटी '( सुमेर सिंह राव ) कस्बे के पंचायत समिति परिसर में शुक्रवार को श्री शक्ति सोम ग्रुप के तत्वाधान में महिलाओं ने गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे बांधे ' वरिष्ठ दंत चिकित्सा एवं श्री सोम शक्ति ग्रुप की उदयपुरवाटी संचालक डॉ सुमन मीणा के नेतृत्व में महिलाओं ने पक्षियों के लिए परिंडे बांधे एवं दाने-पानी की व्यवस्था की ' इस दौरान बोलते हुए श्री सोम शक्ति ग्रुप की संचालक डॉक्टर सुमन मीणा ने कहा कि गर्मियों के मौसम को ध्यान में रखते हुए अधिक से अधिक अपने घरों में एवं सार्वजनिक स्थानों पर परिंडे लगाए ' और परिंडे लगाने के साथ ही उनमें रोज पानी डालने और दाने पानी की व्यवस्था भी करें ' इस दौरान अंकित सैनी, प्रदीप कुमार शर्मा अंशु सिंह सोम शक्ति ग्रुप ट्रेनर, जय राठौड, राजबाला शर्मा ,सरोज ,पिंकी शर्मा, मंजू ,पूनम कंवर ,अनीता मीणा सहित कई महिलाएं मौजूद रही '



बोकारो, शनिवार 11 मई 2024

## एक नजर

### प्रफुल्ल पटेल ने रास सदस्य के रूप में शपथ ली



**नई दिल्ली।** राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को संसद भवन में राज्यसभा के नवनिर्वाचित सदस्य प्रफुल्ल पटेल को शपथ दिलाई। इस मौके पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश और महासचिव पीके मोदी भी उपस्थित थे। शपथ ग्रहण की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए प्रफुल्ल पटेल ने कहा कि उपराष्ट्रपति एवं राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ की गरिमामयी उपस्थिति में आज राज्यसभा सांसद के रूप में शपथ लेना अत्यंत सम्मान की बात है। उन्होंने कहा कि यहां शपथ ग्रहण समारोह की एक झलक है, जो राष्ट्र की सेवा के लिए गंभीरता और प्रतिबद्धता से भरा क्षण है। अपने देश के कल्याण में सार्थक योगदान देने के लिए तत्पर हूं।

### नांदेड़ में प्राइवेट फाइनेंस कंपनियों पर आयकर विभाग का छापा

**मुंबई।** नांदेड़ जिले के शिवाजी नगर में स्थित निजी फाइनेंस कंपनियों के दफ्तरों पर आयकर विभाग ने शुक्रवार सुबह छापा मारा है। इस कार्रवाई में विभाग के लगभग 100 अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं। इस बारे में आयकर विभाग ने अभी तक कोई अधिकृत जानकारी नहीं दी है। बताया जा रहा है कि आयकर विभाग के औरंगाबाद, मुंबई और नासिक के अधिकारी और कर्मचारी सुबह सात बजे से शिवाजी नगर में पांच से सात जगहों पर एक साथ छानबीन कर रहे हैं। इन कंपनियों में भंडारी फाइनेंस और आदिनाथ फाइनेंस प्रमुख हैं।

### अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत सत्य की जीत : आम आदमी पार्टी

**नयी दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा है कि इस तानाशाही के अंधकार युग में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर उच्चतम न्यायालय ने उजाले की रोशनी जलाई है। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता गोपाल राय ने संवाददाता सम्मेलन में गुरुवार को कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस देश, संविधान और लोकतंत्र से मोहब्बत करने वालों के दिलों में एक उम्मीद की किरण जगाई है। हम पूरी पार्टी और देश के लोगों की तरफ से सर्वोच्च न्यायालय का धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि तानाशाही के इस अंधकार युग में श्री केजरीवाल को अंतरिम जमानत देकर सर्वोच्च न्यायालय ने उजाले की रोशनी जलाई है। यह सत्य की जीत हुई है, क्योंकि बिना किसी सबूत और बिना किसी प्राथमिकी के आधार पर श्री केजरीवाल को अचानक गिरफ़्तार कर जेल में डाल दिया गया। आप नेता ने कहा कि इस देश के अंदर लोकतंत्र और संविधान बचाने के लिए जो अभियान चलाया जा रहा है, वह श्री केजरीवाल के अंतरिम जमानत मिलने से और मजबूत होगा।

### हरियाणावीं डांसर सपना चौधरी केस में अब 20 मई को होगी सुनवाई

**मुरादाबाद।** हरियाणावीं डांसर सपना चौधरी के खिलाफ चल रहे परिवाद में शुक्रवार को न्यायालय ने सिविल लाइन थाना से रिपोर्ट तलब की है। अब इस मामले की 20 मई को सुनवाई होगी। जून 2019 को सपना चौधरी मुरादाबाद में आयोजित कार्यक्रम में आई थी। उस दौरान हंगामे के बाद लाठीचार्ज हुआ था। मुरादाबाद निवासी रामेश्वर दयाल तुरैहा ने कोर्ट में डांसर सपना चौधरी के खिलाफ परिवाद दायर कराया था। इसमें उन्होंने बताया था कि रेलवे स्टेडियम में 11 जून 2019 को हरियाणावीं डांसर सपना चौधरी एक कार्यक्रम में आई थीं। कार्यक्रम के दौरान भीड़ बेकाबू हो गई थी, जिसे कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने लाठीचार्ज की थी। इसमें कई लोग घायल हो गए थे। मामला एसीजेएम द्वितीय की अदालत में विचाराधीन है। परिवादी के वकील वैभव अग्रवाल ने बताया कि पत्रावली न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में पेश की गई। अदालत ने पुलिस थाने से रिपोर्ट मांगी है।

### नरेंद्र दाभोलकर हत्याकांड में दो को आजीवन कारावास की सजा, तीन बरी

**मुंबई।** महाराष्ट्र अंधश्रद्धा उन्मूलन समिति के संस्थापक डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की हत्या मामले में शुक्रवार को विशेष कोर्ट के न्यायाधीश पीपी जाधव ने सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर को आजीवन कारावास और पांच-पांच लाख रुपये के जुमार्ने की सजा सुनाई है। इस मामले में तीन अन्य आरोपित डॉ. वीरेंद्र सिंह तावड़े, विक्रम भावे और संजीव पुनालेकर को पुख्ता सबूतों के अभाव में बरी कर दिया गया है। नरेंद्र दाभोलकर के बेटे हमीद दाभोलकर ने इस निर्णय का स्वागत किया है। दाभोलकर ने कहा कि तीन आरोपितों को निर्दोष बरी किया गया है, उन्हें सजा दिलाने के लिए वे हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में जाएंगे। विशेष न्यायाधीश पीपी जाधव ने फैसला सुनाते हुए कहा कि इस मामले में पुलिस और सरकार तीन आरोपितों के खिलाफ कोई पुख्ता सबूत पेश नहीं कर पाई है। इसलिए तीनों आरोपितों को इस अपराध से बरी किया जा रहा है। सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर ने फायरिंग की बात कबूल कर ली है। पुलिस ने उनके विरुद्ध सक्षम साक्ष्य न्यायालय में प्रस्तुत किये। उसी आधार पर दोनों को सजा सुनाई जा रही है।

## आईआईटी रुड़की व भारतीय सेना के बीच हुआ एमओयू

एजेंसी

**हरिद्वार।** भारतीय सेना और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) रुड़की के बीच शुक्रवार को एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। जिसका उद्देश्य प्रौद्योगिकी विकास, नवीन समाधान और संयुक्त अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देना है।

भारतीय सेना की ओर से गरुड़ डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग मेजर जनरल संदीप जसवाल और आईआईटी रुड़की के निदेशक प्रोफेसर केके पंत ने संकाय सदस्यों और सेना अधिकारियों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए।

- प्रौद्योगिकी विकास को बढ़ावा देना उद्देश्य

जनसंपर्क अधिकारी (रक्षा) लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष श्रीवास्तव ने बताया कि भारतीय सेना और आईआईटी रुड़की के बीच यह सहयोग तकनीकी नवाचार को आगे बढ़ाने और राष्ट्रीय सुरक्षा को मजबूत करने में शिक्षा जगत और रक्षा क्षेत्र के बीच तालमेल बढ़ाने में मददगार होगा और भविष्य की चुनौतियों के लिए भारतीय सेना की तकनीकी उन्नति के लिए आवश्यक सहयोग, उत्कृष्टता और नवाचार की भावना का प्रतीक होगा।

## रामलला को लगा एक हजार फलों का भोग

एजेंसी

**अयोध्या।** अक्षय तृतीया के अवसर पर रामलला को विभिन्न प्रकार के एक हजार फलों का भोग लगाया गया। रामलला का शृंगार भी बहुत ही आकर्षक ढंग से किया गया। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र संवाद केंद्र के मुताबिक श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को अक्षय तृतीया के अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया। गर्भगृह के द्वार को फलों की लड़ी से सुसज्जित किया गया। रामलला का शृंगार भी आकर्षक ढंग से किया गया। मंदिर में श्रद्धालुओं की संख्या भी आज अन्य दिनों की अपेक्षा अधिक रही।



### नंदुरबार की सभा में पीएम मोदी ने विपक्ष पर साधा निशाना, बोले

# मैं वंचितों के अधिकारों का चौकीदार हूं

एजेंसी

**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को महाराष्ट्र के नंदुरबार में कहा कि मैं वंचितों के अधिकारों का चौकीदार हूं। जब तक मोदी जिंदा है, तब तक एससी, एसटी और ओबीसी का आरक्षण कोई नहीं छीन सकता। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने यह भी कहा कि कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की जा रही है।



भाजपा नेता मोदी शुक्रवार को नंदुरबार में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार हिना गावित के समर्थन के लिए आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। पीएम मोदी ने अपने भाषण की शुरूआत देवमोगरा माता, आदिवासी क्रांतिकारियों, जननायक की भूमि को नमन करते हुए की। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी आदिवासियों की चिंता नहीं की।

उन्होंने कहा है कि विपक्ष संविधान पर छुरा घोंप रहा है। कर्नाटक में धर्म के आधार पर आरक्षण देने की कोशिश की जा रही है। कांग्रेस कर्नाटक मॉडल को पूरे देश में लागू करने की कोशिश कर रही है। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेसी युवराज के गुरु अमेरिका में रहते हैं। उन्होंने भारतीय लोगों के खिलाफ नस्लीय टिप्पणी की है। द्रौपदी मुर्मू का राष्ट्रपति बनना कांग्रेस को स्वीकार नहीं। कांग्रेस पार्टी का एजेंडा खतरनाक है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि इसका खुलासा राहुल गांधी के गुरु ने किया है।

पीएम मोदी ने कहा कि बारामती चुनाव के बाद महाराष्ट्र के दिग्गज नेता शरद पवार मुश्किल में हैं। पवार पिछले 40-50 साल से राजनीति में हैं। वे बारामती चुनाव के बाद वे चिंतित हैं। इसलिए उन्होंने एक बयान दिया है। पीएम मोदी ने कहा कि मुझे लगता है कि शरद पवार को कई लोगों से विचार करने के बाद ही ऐसा बयान देना चाहिए था। यदि वे 4 जून के बाद सार्वजनिक और राजनीतिक जीवन में जीवित रहना चाहते हैं तो उन्हें छोटी पार्टियों को कांग्रेस में विलय करना होगा। इस बयान का मतलब है कि नकली शिवसेना और नकली एनसीपी कांग्रेस में विलय का फैसला करेंगे।

### अक्षय तृतीया ओडिशा और महान उड़िया संस्कृति के लिए बहुत ही शुभ दिन : पीएम

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को देशवासियों को अक्षय तृतीया की शुभकामनाएं दीं और कहा कि अक्षय तृतीया ओडिशा और महान उड़िया संस्कृति के लिए एक बहुत ही शुभ दिन है। प्रधानमंत्री ने एक्स पर लिखा, 'देश के समस्त परिवारजनों को अक्षय तृतीया की हार्दिक शुभकामनाएं। परोपकार के लिए प्रेरित करने वाला यह पावन अवसर आप सभी के जीवन में नई ऊर्जा और नया उत्साह लेकर आए, यही कामना है।' उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, 'अक्षय तृतीया ओडिशा और महान उड़िया संस्कृति के लिए एक बहुत ही शुभ दिन है। यह वह दिन है जब महाप्रभु श्री जगन्नाथ की रथ यात्रा के लिए रथों का निर्माण शुरू होता है। इसका अखी मुथी अनुकुला से भी गहरा संबंध है, जब किसान बीज बोना शुरू करते हैं।'

### चुनावों के लिए सुरक्षा इंतजामों को दिया गया अंतिम रूप : आईजीपी

**श्रीनगर।** कश्मीर के महानिरीक्षक वीके भिरदी ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर में चुनाव के लिए व्यापक सुरक्षा व्यवस्था की गई है। श्रीनगर लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होगा। इसके बाद उत्तरी कश्मीर और दक्षिण कश्मीर सीटों पर क्रमशः 19 मई और 25 मई को मतदान होना है। पत्रकारों से बात करते हुए कि आईजीपी ने कहा कि हम कश्मीर में चुनाव के तीनों चरणों के दौरान शांतिपूर्ण माहौल सुनिश्चित करेंगे। सुरक्षा तैनाती भारत के चुनाव आयोग के निर्धारित प्रारूप के अनुसार की गई है। उन्होंने कहा कि हम ईसीआई के दिशा-निर्देशों का पालन कर रहे हैं, ताकि सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से पुख्ता हो। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में तलाशी अभियान और क्षेत्र वर्चस्व को और तेज किया जाएगा, ताकि शांति विरोधी तत्वों को दूर रखा जा सके। सुचारू मतदान और मतदाताओं की बड़ी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए सभी व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया गया है।

## केजरीवाल को जमानत का विपक्ष ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को आज सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम जमानत मिल गई। आम आदमी पार्टी सहित विभिन्न विपक्षी पार्टियों ने अदालत के इस फैसले का स्वागत किया है। हालांकि, भाजपा ने याद दिलाया है कि मुख्यमंत्री को शराब नीति घोटाले में वापस जेल जाना होगा।

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने पत्रकार वार्ता कर फैसले का स्वागत किया है। पार्टी नेताओं का कहना है कि आज देश की शीर्ष अदालत ने देश और लोकतंत्र से प्यार करने वाले लोगों के दिलों में उम्मीद की किरण जलाई है। आज दिल्ली समेत पूरा देश खुश है।

पार्टी नेता गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज और आतिशी ने एक संयुक्त पत्रकार वार्ता में कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले से सिर्फ. अरविंद केजरीवाल को जमानत ही नहीं मिली है बल्कि सत्य, संविधान और लोकतंत्र की भी जीत हुई है। हम संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करते हैं। अब तानाशाही का अंत होगा और इस 2024 के चुनाव में ही होगा।

मुख्यमंत्री को जमानत मिलने के फैसले पर देशभर से विपक्षी नेताओं के बयान आ रहे हैं। सभी फैसले का स्वागत कर रहे हैं। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने फैसले का स्वागत किया है और आशा व्यक्त की है कि आने वाले समय में हेमंत सोरेन को भी न्याय मिलेगा। सपा नेता अखिलेश यादव ने कहा कि अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

## परंपरागत सीटें बचाने में जुटे राहुल व अखिलेश : तेजस्वी

एजेंसी

**लखनऊ।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने सपा और कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि राहुल अमेठी से हार कर वायनाड पहुंचे और वायनाड से रायबरेली पहुंच गए हैं। इस बार वह वायनाड और रायबरेली दोनों क्षेत्रों से हारेंगे। वहीं पूरी समाजवादी पार्टी पति-पत्नी यानी अखिलेश और डिंपल को जिताने में लगी है। जबकि जमीनी सच्चाई यह है कि सपा मैनपुरी और कन्नौज लोकसभा सीट भी हार रही है।



तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को भाजपा के प्रदेश मुख्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा की 2014 एवं 2019 से भी बड़ी जीत इस चुनाव में होगी। पूरे देश में मोदी की लहर चल रही है। कांग्रेस नेता चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुके हैं इसकी शुरूआत खुद राहुल गांधी ने की है। राहुल स्मृति ईरानी के सामने चुनाव लड़ने की हिम्मत नहीं जुटा पाए। मजबूरी में राहुल रायबरेली से चुनाव लड़ रहे हैं।


बेरोजगारी के मुद्दे पर भाजयुमो अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस अपने खुद के राजनीतिक बेरोजगारी को देश की बेरोजगारी से जोड़ रही है। उन्होंने अपील की कि युवाओं और देश के भविष्य के लिए मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाएं। उन्होंने कांग्रेस के लोग अब चमड़ी के आधार पर भी लोगों को बांटने का काम कर रहे हैं। कांग्रेस पाकिस्तान परस्त पार्टी है। पाकिस्तान की जनक कांग्रेस ही है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में भाजयुमो के प्रदेश अध्यक्ष प्रांशु दत्त द्विवेदी, भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी मनीष दीक्षित, सह मीडिया प्रभारी हिमांशु दुबे समेत कई प्रमुख नेता मौजूद रहे।

## मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करे निर्वाचन आयोग, याचिका दायर

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर मांग की गई है कि निर्वाचन आयोग मतदान के वास्तविक आंकड़े 48 घंटे के अंदर प्रकाशित करे।



एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की याचिका में कहा है कि लोकसभा चुनाव के मतदान के आंकड़ों को प्रकाशित करने में चुनाव आयोग बहुत देरी कर रहा है, जिससे आंकड़ों में बड़े पैमाने पर बदलाव की आशंका पैदा हो गई है। याचिका में कहा गया है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग ने कई दिनों के बाद आंकड़ा प्रकाशित किया। पहले चरण का मतदान 19 अप्रैल को हुआ, जिसके आंकड़े 11 दिनों के बाद प्रकाशित किए गए। दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को हुआ, जिसके आंकड़े 4 दिनों के बाद प्रकाशित किए गए।


याचिका में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग ने दोनों चरणों के मतदान के दिन जो शुरूआती आंकड़े जारी किए थे, उनमें और अंतिम आंकड़ों में 5 फीसदी से ज्यादा का अंतर था। निर्वाचन आयोग की ओर से वास्तविक आंकड़ों को जारी करने में कई दिनों की देरी से मतदाताओं के मन में संदेह पैदा होता है। ऐसे में निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया जाए कि वो मतदान के बाद तुरंत मतदान का आंकड़ा प्रकाशित करे।

**नयी पारी की शुरुआत** | **नौसेना को मिला नया चीफ आफ पर्सनल, संभाला कार्यभार**

# संजय भल्ला बने नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वाइस एडमिरल संजय भल्ला शुक्रवार को भारतीय नौसेना के चीफ ऑफ पर्सनल का कार्यभार ग्रहण किया। उन्होंने 35 वर्षों के सेवाकाल में जल और तट दोनों पर विशेषज्ञ और परिचालन नियुक्तियों में कार्य किया है। संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में अपनी विशेषज्ञता पूरा करने के बाद उन्होंने कई युद्धपोतों पर विशेषज्ञ के रूप में कमान संभाली है। विशिष्ट सेवा के लिए उन्हें अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित किया गया है।



वाइस एडमिरल संजय भल्ला को 01 जनवरी, 1989 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। उन्हें समुद्र में चुनौतीपूर्ण एवं पूर्णकालिक कमान संभालने का मौका मिला, जिसमें आईएनएस निशंक, आईएनएस तारागिरी, आईएनएस ब्यास और फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग ईस्टर्न फ्लीट की नियुक्तियां भी हैं। वह अपने इस कार्यकाल के दौरान 2022 में राष्ट्रपति के बेड़े की समीक्षा और भारतीय नौसेना के प्रमुख बहुराष्ट्रीय अभ्यास 'मिलन' में समुद्री चरण के लिए सामरिक कमान में अधिकारी थे। उन्होंने नौसेना मुख्यालय में सहायक कार्मिक प्रमुख (मानव संसाधन विकास) सहित महत्वपूर्ण स्टाफ नियुक्तियों पर कार्य किया है।

- अति विशिष्ट सेवा पदक, नौसेना पदक और प्रशस्ति से सम्मानित हैं वाइस एडमिरल
- संचार और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध में विशेषज्ञ भल्ला ने संभाली है कई युद्धपोतों की कमान

### राजनयिक कार्यभार भी संभाला

वाइस एडमिरल भल्ला ने नौसेना अकादमी में अधिकारियों के प्रशिक्षण का नेतृत्व किया और विदेशों में राजनयिक कार्यभार भी संभाला। चीफ ऑफ पर्सनल के रूप में कार्यभार संभालने से पहले वह पश्चिमी नौसेना कमान के चीफ ऑफ स्टाफ थे। उन्होंने 'ऑपरेशन संकल्प' और सिंधुदुर्ग में नेवी डे ऑपरेशन डेमो 2023 जैसे कार्यक्रमों का निरीक्षण किया था।

### संजय भल्ला की शैक्षिक उपलब्धियां

वह लंदन में रॉयल कॉलेज ऑफ डिफेंस स्टडीज और वेलिंगटन के नेवल वॉर कॉलेज और डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज के पूर्व छात्र रहे हैं। उनकी शैक्षिक उपलब्धियों में एम फिल (रक्षा और रणनीतिक अध्ययन), लंदन के किंग्स कॉलेज से अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा और रणनीतिक अध्ययन में स्नातकोत्तर, मद्रास विश्वविद्यालय से एमएससी (रक्षा और रणनीतिक अध्ययन) और सीयूएसएटी से एमएससी (दूरसंचार) शामिल है।

## आज पृथ्वी की चमक से चमकेगा चंद्रमा

एजेंसी

**भोपाल।** खगोल विज्ञान में रुचि रखने वालों के लिए शनिवार, 11 मई की शाम आसमान में एक अद्भुत खगोलीय घटना घटने जा रही है। जब आप पश्चिम दिशा में शुक्ल पक्ष चतुर्थी के हंसियाकार चांद को देखेंगे तो आप पाएंगे कि हंसियाकार भाग तो तेज चमक के साथ चमक रहा होगा लेकिन हल्की चमक के साथ पूरा गोलाकार चंद्रमा भी दिखाई देगा।



साल में सिर्फ दो बार दिखने वाली इस खगोलीय घटना के बारे में बताते हुये नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने गुरुवार को बताया कि इसे अर्थ शाईन कहा जाता है। इस घटना में चंद्रमा का अप्रकाशित भाग दिखाई देता है। इसे दा विंची चमक के नाम से भी जाना जाता है। लियोनार्डो द विंची ने पहली बार स्केच के साथ 1510 के आसपास अर्थ शाईन की अवधारणा को रखा था।

उन्होंने बताया कि चंद्रमा अपने तक पहुंचने वाले सूर्य के प्रकाश का लगभग 12 प्रतिशत परावर्तित करता है। वहीं, दूसरी ओर पृथ्वी अपनी सतह पर आने वाले सभी सूर्य के प्रकाश का लगभग 30 फीसदी परावर्तित करती है। पृथ्वी का जब यह परावर्तित प्रकाश चंद्रमा पर पहुंचता है तो चंद्रमा की सतह के अंधेरे वाले भाग को भी रोशन कर देता है।

सारिका ने बताया कि विदेशों में इस खगोलीय घटना को अशेन ग्लो या नये चंद्रमा की बांहों में पुराना चंद्रमा भी नाम दिया गया है। शनिवार को जब आप चंद्रमा को देखें तो याद रखें, उसे चमकाने में उस पृथ्वी का भी योगदान है, जिस पर आप खड़े हैं।

## एक नजर

### निकहत जरीन को मिलेंगे हाई-टेक उपकरण



**नयी दिल्ली।** युवा मामले और खेल मंत्रालय के मिशन ओलंपिक सेल (एमओसी) ने दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निकहत जरीन को पेरिस 2024 ओलंपिक की तैयारी के लिए उच्च तकनीकी (हाई-टेक) उपकरण उपलब्ध कराने अनुरोध और टेनिस खिलाड़ी शरत कमल को जर्मनी में प्रशिक्षण को मंजूरी दे दी है। इन अत्याधुनिक उपकरणों में लेजर यूनिट-बीटीएल, एंकल रैप गेम रेडी, फुल लेग रैप गेम रेडी, हैंड रिस्ट रैप गेम रेडी और ट्रॉली बीटीएल लेजर यूनिट शामिल हैं। इन सभी में हाई-इंटेंसिटी वाले लेजर एप्लीकेशन का उपयोग किया जाता है जो ऑपरेटर की आवश्यकता के बिना समान रूप से ऊर्जा के प्रसार को नियंत्रित करता है। ये उपकरण पीठ जकड़न, मांसपेशियों के दर्द को कम करने और चोट से उबरने में अत्यधिक प्रभावी होती है।

### डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 का तीसरा सीजन 11 जनवरी 2025 से, 9 फरवरी को होगा समापन

**दुबई।** डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 का सीजन 3 शनिवार, 11 जनवरी 2025 से शुरू होगा। 34 मैचों का यह टूर्नामेंट एक महीने तक चलेगा, जिसका फाइनल रविवार, 9 फरवरी 2025 को खेला जाएगा। इस टूर्नामेंट का दूसरा सीजन (2024) काफी सफल रहा था, जिसका समापन 17 फरवरी 2024 को हुआ था। दूसरे सीजन का खिताब एमआई एमिरेट्स ने जीता था। सीजन 2 के प्रसारण की संख्या में काफी वृद्धि हुई, जिसमें टूर्नामेंट के प्रसारण अधिकार धारकों जी नेटवर्क के रैखिक और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और विभिन्न क्षेत्रों में उनके प्रसारण सिंडिकेशन भागीदारों के माध्यम से दुनिया भर से कुल 348 मिलियन अद्वितीय दर्शक शामिल हुए। सीजन 2 में भी तीन टूर्नामेंट स्थलों अबू धाबी, दुबई और शारजाह में दर्शकों की संख्या में अभूतपूर्व वृद्धि हुई, जो कि सीजन 1 की तुलना में लगभग 300% की संचयी वृद्धि थी। सीजन 3 एक बार फिर इन्ही तीनों स्टेडियमों में खेला जाएगा। डीपी वर्ल्ड आईएलटी20 के सीईओ डेविड व्हाइट ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, डीपी वर्ल्ड इंटरनेशनल लीग टी20 सीजन 3 के लिए विंडो की पुष्टि करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है।

### कॉर्पोरेट प्रायोजक खेलों के लिए आवश्यक

**नई दिल्ली।** भारतीय ग्रैंड मास्टर आर. प्रज्ञानानंद, जिन्होंने हाल ही में पहली बार फिडे कैंडिडेट्स में भाग लिया था, वर्तमान में पोलैंड में रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट में भाग ले रहे हैं। प्रज्ञानानंद का आगे का समय काफी व्यस्त है, शुरूआत ग्रैंड शतरंज टूर से शुरू हो रही है, यह टूर मई में पोलैंड में रैपिड और ब्लिट्ज टूर्नामेंट से शुरू हो रहा है। फिर 24 जून से 6 जुलाई तक सुपरबेट रोमानिया क्लासिकल टूर्नामेंट है। अगस्त में सेंट लुइस रैपिड और ब्लिट्ज के बाद सिंकफील्ड कप होगा, जो एक क्लासिकल टूर्नामेंट है। 18 वर्षीय खिलाड़ी ने शुक्रवार को अदानी स्पोर्ट्स लाइन के हवाले से कहा, यह मेरा पहला मौका होगा, इसलिए मैं बहुत उत्साहित हूं। इसके अलावा, मैं मई में नॉर्वे शतरंज और स्विट्जरलैंड में रियल मास्टर्स भी खेलूंगा। उन्होंने कहा कि उनकी यात्रा तभी सफल हो सकती है जब उनके साथ एक मजबूत समर्थन प्रणाली हो। ऐसा इसलिए है क्योंकि सर्वश्रेष्ठ बनने के लिए प्रशिक्षण आसान नहीं है।

### लीवरकुसेन ने फाइनल में जगह बनाई

**बर्लिन।** बायर लीवरकुसेन ने रोमा के खिलाफ सेमीफाइनल के दूसरे चरण में 2-2 से ड्रा खेलकर 4-2 के कुल स्कोर के साथ गुरुवार को यूईएफए यूरोपा लीग के फाइनल में प्रवेश कर लिया। साथ ही 49 मैचों का नया अपराजित यूरोपीय रिकार्ड भी बनाया। लीवरकुसेन ने पहला चरण 2-0 से जीता था और दूसरे चरण में 2-2 से ड्रा के बाद कुल 4-2 के स्कोर के साथ यूरोपा लीग के फाइनल में जगह बनाई। लीवरकुसेन ने मैच के पहले 42 मिनट में अधिकांश समय तक खेल पर नियंत्रण बनाए रखा। हालांकि इसके बाद मैच के 43वें मिनट में लियांड्रो पेरेडेस ने पेनल्टी पर गोल कर मैच में रोमा को 1-0 से आगे कर दिया। हाफ टाइम की समाप्ति पर रोमा 1-0 से आगे रहा। खेल फिर से शुरू होने के बाद, दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आक्रमण किया, एडली ने लक्ष्य से थोड़ा दूर शॉट मारा जबकि लीवरकुसेन के गोलकीपर मातेज कोवर ने अजमौन और स्टीफन एल शारावी के प्रयासों को विफल कर दिया।

### फाइनल चयन ट्रायल आज से भोपाल में

**भोपाल।** पेरिस ओलम्पिक के लिए शूटिंग (रायफल और पिस्टल) के फायनल सिलेक्शन ट्रायल आज शुक्रवार से राजधानी भोपाल स्थित मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में शुरू होने जा रहे हैं। इस सिलेक्शन ट्रायल में देश भर के 35 शीर्ष खिलाड़ी पेरिस ओलम्पिक में अपनी जगह सुनिश्चित करने के लिए निशाना साधेंगे। दरअसल, मप्र राज्य शूटिंग अकादमी में विश्व स्तरीय सुविधा उपलब्ध है। भारतीय रायफल संघ ने उपलब्ध आधुनिक सुविधाओं को दृष्टिगत रखते हुए पेरिस ओलम्पिक के फायनल ट्रायल कराने के लिए राज्य शूटिंग अकादमी को चुना है।

# रनों से ज्यादा मायने रखती है मेरे लिए खेल और बल्लेबाजी की गुणवत्ता : विराट कोहली

एजेंसी

**धर्मशाला।** पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ 92 रनों की धमाकेदार पारी खेल अपनी टीम को 60 रनों से जीत दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज विराट कोहली ने कहा कि अपने करियर के इस पड़ाव पर, उनके खेल और बल्लेबाजी की गुणवत्ता उनके रनों से ज्यादा मायने रखती है।

रिले रोसो (61) के शानदार अर्धशतक के बावजूद रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) को 181 रनों पर समेट दिया और 60 रनों से जीत हासिल की। मैच के बाद विराट ने कहा, ₹अभी भी मात्रा से ज्यादा गुणवत्ता पर ध्यान दिया जाता है। मेरे करियर के इस चरण में तो और भी ज्यादा। इतने सालों में अपने खेल को समझने से आपको अभ्यास करने का मौका मिलता है, लेकिन फिर भी आप खेल पर ध्यान केंद्रित रख सकते हैं। अभी भी अपने खेल के उन पहलुओं को बेहतर बनाने का लक्ष्य बना रहे हैं, जिनमें आप बेहतर होना चाहते हैं।



### केकेआर के खिलाफ वह मैच निर्णायक था : विराट

मैंने स्पिनरों के लिए स्लॉग-स्वीप का इस्तेमाल किया। मुझे पता है कि मैं इसे हिट कर सकता हूं, जैसा कि मैंने पहले भी किया है। मुझे पता है कि मुझे जोखिम उठाने की जरूरत है, अगर मैं आउट हो गया तो क्या होगा?' इस विचार को दूर करने के लिए अधिक दृढ़ विश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, मैं अपने और टीम के लिए स्ट्राइक रेट बनाए रखने की कोशिश कर रहा हूं। टूर्नामेंट में आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका खुद के साथ ईमानदार होना है। हम लगातार हार रहे थे, हमने ईमानदारी से बात की। हमें अपने खेल को बेहतर बनाने की जरूरत थी। केकेआर के खिलाफ वह मैच निर्णायक था। हम अपने आत्मसम्मान के लिए खेलना चाहते थे। हम मैदान पर जाकर इस तरह से नहीं खेल सकते कि अपने प्रशंसकों को निराश करें। आत्मविश्वास वापस आ गया है और हम लय में हैं। हमें प्लेऑफ क्वालीफिकेशन के लिए कई अन्य कारकों पर निर्भर रहना होगा। मैच की बात करें तो टॉस जीतकर पंजाब ने पहले फील्डिंग करने का फैसला किया। कप्तान फाफ डु प्लेसिस (9) और विल जैक्स (12) के जल्दी आउट होने के बाद, विराट (92) और रजत पाटीदार (55) ने 76 रनों की साझेदारी करके आरसीबी की पारी को संभाला और स्ट्राइक रेट को ऊंचा रखा। इसके बाद, कैमरून ग्रीन (46) की शानदार पारी और विराट के साथ उनकी 92 रनों की साझेदारी ने आरसीबी को 20 ओवर में 7 विकेट पर 241 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचा दिया।

### पंजाब के लिए हर्षल पटेल ने 3 और विद्वाथ कवरप्पा ने 2 विकेट लिये

पंजाब के लिए 242 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, रिले रोसो (61), शशांक सिंह (37) और जॉनी बेयरस्टो (27) खतरनाक दिखे, लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में अपने विकेट गंवा बैठे। बाकी बल्लेबाज वास्तव में संघर्ष नहीं कर सके और टीम 181 रनों पर ढेर हो गई और 60 रनों से मैच गंवा बैठी। आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने 3, कर्ण शर्मा, लॉकी फर्ग्यूसन और स्वप्निल सिंह ने दो-दो विकेट लिए।

# भारतीय टीम में वापसी पर खलील अहमद ने कहा-मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा

नई दिल्ली। एजेंसी

दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के तेज गेंदबाज खलील अहमद आईपीएल 2024 में शानदार प्रदर्शन के बाद आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय क्रिकेट टीम की रिजर्व सूची में शामिल होने से खुश हैं। उन्होंने आईपीएल के मौजूदा संस्करण में अब तक 12 मैचों में 14 विकेट लिए हैं। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जिन्होंने आखिरी बार दिसंबर 2019 में भारत के लिए खेला था, ने राष्ट्रीय टीम में वापसी की है और आगामी आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप के लिए स्टैंडबाय के रूप में जगह बनाई है। खलील ने डीसी पॉडकास्ट के एपिसोड 3 (सीजन 4) के दौरान अपने दिल की बात कही। उन्होंने भारतीय टीम में वापसी करने के अपने सफर के बारे में विस्तार से बात की और मौजूदा आईपीएल सीजन में हाई-स्कोरिंग मैचों पर अपने विचार साझा किए।

खलील ने डीसी पॉडकास्ट पर कहा, पिछले कुछ महीने जिस तरह से गुजरे और जिस तरह से आईपीएल की शुरूआत हुई, मुझे लग रहा था कि कुछ अच्छा होगा। जैसे-जैसे आईपीएल मैच आगे बढ़े, मेरा आत्मविश्वास बढ़ता गया। मुझे एहसास हुआ कि मैं अच्छी गेंदबाजी कर रहा हूं और यह हमेशा एक कदम आगे बढ़ने के बारे में था। आखिरकार, जब टी-20 विश्व कप के लिए टीम में स्टैंडबाय खिलाड़ी के रूप में नाम आया, तो मैं बहुत खुश था और यह मेरे लिए एक कदम आगे है। अपनी चुनौतीपूर्ण यात्रा के बारे में डीसी पेसर ने कहा, वर्ष 2019 की बात है। हर दिन, मेरे दिमाग में, देश के लिए खेलने की भावना की कमी खलती थी। जब भी मैं भारत को खेलते देखता था, तो मैं कल्पना करता था कि अगर मैं टीम में होता तो क्या करता। इसलिए, हर दिन एक लड़ाई की तरह था और इस तरह की बातें मेरे दिमाग में चल रही थीं। खलील ने 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत का प्रतिनिधित्व किया है और 8.82 की इकॉनमी के साथ 13 विकेट लिए हैं।

डीसी पेसर ने अपने रास्ते में मानसिक दृढ़ता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि चूंकि क्रिकेट हमेशा से उनका जीवन रहा है, इसलिए उन्होंने इसके लिए दिन-रात संघर्ष किया।

उन्होंने कहा, पिछले आईपीएल के बाद, मैंने केवल एक सप्ताह का ब्रेक लिया और इस यात्रा पर निकल पड़ा। मैंने सुनिश्चित किया कि मैं सभी घरेलू मैच खेलूं।



### मैंने केवल एक सप्ताह का ब्रेक लिया था : अहमद

एक तेज गेंदबाज के रूप में यह कठिन है, लेकिन मैंने मन बना लिया कि चाहे मेरे साथ कुछ भी हो, मैं सभी मैच खेलूंगा। मैंने पिछले साल खुद को मानसिक रूप से आगे बढ़ाया और इसके साथ आगे बढ़ा। मानसिक रूप से, आपको बस इसके लिए लड़ना है, दिन, रात या किसी भी समय, क्योंकि मेरा जीवन हमेशा क्रिकेट के बारे में रहा है। मेरे विचार केवल क्रिकेट के बारे में रहे हैं, मुझे इसके अलावा कुछ भी परेशान नहीं करता है। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि तेज गेंदबाजों के लिए यह सबसे अच्छा पल है। अगर कोई गेंदबाज ऐसी मुश्किल परिस्थितियों में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो उसे किंग माना जाएगा और मैं वह किंग बनना चाहता हूं। इसलिए, मौजूदा परिदृश्य के बारे में मेरी मानसिकता यही रही है। दिल्ली कैपिटल्स की टीम आईपीएल 2024 के अपने अगले मैच में रविवार को बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी।

# नाडा ने मेरे सवालों का जवाब नहीं दिया : बजरंग पुनिया

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता फ्रीस्टाइल पहलवान बजरंग पुनिया ने दोहराया कि उन्होंने डोप टेस्ट देने से इनकार नहीं किया था। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) डोप टेस्ट के लिए एक्सपायर किट भेजने पर उनके सवाल का जवाब देने में विफल रहा। पुनिया को 10 मार्च को सोनीपत में आयोजित ट्रायल के दौरान मूत्र का नमूना उपलब्ध कराने में विफल रहने के कारण राष्ट्रीय डोपिंग रोधी एजेंसी (नाडा) द्वारा अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया है।

अपने अनंतिम निलंबन आदेश की रिपोर्ट के बाद, पहलवान ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी भी अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया और नाडा अधिकारियों से उस एक्सपायर किट के बारे में जवाब मांगा, जिसे उन्होंने मेरा नमूना लेने के लिए भेजा था।



65 किलोग्राम भार वर्ग में प्रतिस्पर्धा करने वाले बजरंग ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा, यह स्पष्ट करना है कि मैंने कभी भी डोपिंग नियंत्रण के लिए अपना नमूना देने से इनकार नहीं किया है। 10 मार्च 2024 को, जब कथित डोपिंग नियंत्रण अधिकारियों ने मुझसे संपर्क किया, तो मैंने उन्हें केवल यह याद दिलाया कि पिछली दो बार जब वे मेरा नमूना लेने आए थे, तो उन्हें एक बार एक्सपायर किट मिली थी और दूसरी बार, वे तीन परीक्षण किट के बजाय एक ही परीक्षण किट लेकर मेरे पास आए थे। फिर मैंने उनसे जवाब मांगा क्योंकि नाडा ने मेरे किसी भी संचार का जवाब नहीं दिया।

# धोनी की फिटनेस को लेकर टीम प्रबंधन सतर्क

एजेंसी

**अहमदाबाद।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने गुरुवार को एमएस धोनी की फिटनेस पर बात की और कहा कि टीम प्रबंधन पूर्व कप्तान की फिटनेस को लेकर बहुत सतर्क है और जानता है कि वह टीम को क्या दे सकते हैं। सीएसके की टीम आज शाम नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 के अपने आगामी मैच में गुजरात टाइटन्स (जीटी) से भिड़ेगी।




गुरुवार को प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में फ्लेमिंग ने कहा कि टीम प्रबंधन 42 वर्षीय धोनी से फ्रैंचाइज को जो कुछ भी मिल सकता है, उसका पूरा लाभ उठाएगा। फ्लेमिंग ने कहा, धोनी ने अब तक छक्के और चौके बहुत बढ़िया तरह से मारे हैं और अगर प्रतियोगिता में वे अच्छा नहीं भी करते हैं, तो भी वे टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों में से एक हैं। इसलिए टीम पर उनके प्रभाव को कम मत आंकिए कि वे नंबर 9 पर आते हैं। समय का पहलू है, लेकिन हम इस बात से बहुत सावधान हैं कि वे हमें क्या दे सकते हैं। और हम इसका पूरा फायदा उठाएंगे।

# आईपीएल 2024: पंजाब किंग्स बाहर

एजेंसी

**अहमदाबाद।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपनी टीम की 60 रन की हार के बाद, पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के कप्तान सैम करन ने अपने टीम के प्रशंसकों से माफी मांगी है। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में हार के बाद, पंजाब किंग्स टूर्नामेंट से बाहर हो गई है। टीम 12 में से चार मैच जीतकर 8 अंकों के साथ आईपीएल 2024 स्टैंडिंग में नौवें स्थान पर हैं। उनका नेट रन रेट -0.423 है। मैच के बाद करन ने कहा, पूरे सत्र में बहुत सारे सकारात्मक संकेत मिले, लेकिन दुर्भाग्य से जीत हासिल करने के लिए पर्याप्त नहीं थे। हम जानते थे कि टूर्नामेंट के बाकी बचे मैचों के लिए हमारे पास सर्वश्रेष्ठ टीम है और टीम के लिए हम निराश हैं। हमें अपना सिर ऊंचा रखना होगा, सीखते रहना होगा और बेहतर बनते रहना होगा। बेहतरीन खिलाड़ियों की अगुआई करने में वाकई मजा आया, कुछ और जीतें मिलना अच्छा होता।




## वाणिज्य



# अक्षय तृतीया के दिन सस्ता हुआ सोना

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया के दिन घरेलू सर्राफा बाजार में सोने के भाव में गिरावट आई है। देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत में 150 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। इस गिरावट के कारण 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये से लेकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये से लेकर 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।



देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई। इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह चेन्नई में भी 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा अहमदाबाद में 24 कैरेट सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर पहुंचा हुआ है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 66,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सरार्फा बाजार में भी सोने की कीमत में आज गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

# हड़ताल से लौटने लगे एयर इंडिया के चालक दल के सदस्य

नई दिल्ली। एजेंसी

टाटा समूह की अगुवाई वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस के (केबिन क्रू) चालक दल के सदस्य काम पर वापस लौटने लगे हैं। केबिन क्रू की हड़ताल के कारण उड़ानों में काफी व्यवधान हुआ था लेकिन अब हड़ताल वापस हो गई है। हड़ताल के कारण एयरलाइन ने तीन दिन में 170 उड़ानों को रद्द कर दिया था।




हड़ताल पर गए चालक दल के सदस्य वापस काम पर लौट रहे हैं। इसके साथ ही एयरलाइन का परिचालन धीरे-धीरे पटरी पर लौटने लगा है। एयरलाइन उन्हें फिटनेस प्रमाण पत्र दिलाने में मदद कर रही है, जो काम पर लौटने के लिए आवश्यक है। एयर इंडिया एक्सप्रेस में कथित कुप्रबंधन के विरोध में चालक दल के सदस्यों का एक वर्ग हड़ताल पर था। देर रात हड़ताल वापस होने के बाद एयरलाइन प्रबंधन ने चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी भी खत्म कर दी थी।

# शेयर बाजार में रौनक, सेंसेक्स और निफ्टी में तेजी

## खरीदारी के सपोर्ट से निवेशकों ने कमाए 3.28 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में पिछले 4 दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला शुक्रवार को थम गया। कारोबार की शुरूआत मजबूती के साथ हुई थी। दिन के कारोबार में तेजड़ियों और मंदड़ियों के बीच लगातार खींचतान की स्थिति बनी रही, जिसके कारण शेयर बाजार में लगातार उतार-चढ़ाव होता रहा। आज बिकवाली के दबाव में शेयर बाजार कुछ देर के लिए लाल निशान में भी गया। थोड़ी ही देर बाद खरीदारी का सपोर्ट मिल जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने हरे निशान में रिकवरी कर ली। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.36 प्रतिशत और निफ्टी 0.44 प्रतिशत की मजबूती के साथ बंद हुए।



कारोबार के दौरान एफएमसीजी, ऑयल एंड गैस, फार्मास्यूटिकल और पावर सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक खरीदारी होती रही। इसके अलावा ऑटोमोबाइल और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर के शेयरों में भी तेजी बनी रही। दूसरी ओर रियल्टी, आईटी और बैंकिंग सेक्टर के शेयरों में बिकवाली का दबाव बना रहा। ब्रॉडर मार्केट में भी आज आमतौर पर मजबूती बनी रही, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 0.81 प्रतिशत की तेजी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 0.80 प्रतिशत की मजबूती के साथ आज के कारोबार का अंत किया।

आई तेजी के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में करीब सवा तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हो गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद बढ़ कर 396.62 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 393.34 लाख करोड़ रुपये था।

# दिल्ली ने लिया संकल्प, फिर से खिलेगा कमल: दिया कुमारी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने दिल्ली प्रवास के दौरान पश्चिमी दिल्ली से भाजपा प्रत्याशी श्रीमती कमलजीत सहरावत के समर्थन में आयोजित 'महिला सम्मेलन' में शामिल होकर मातृशक्ति को संबोधित किया।

महिलाओं के बढ़ते कदम मजबूत और सशक्त भारत की पहचान है, जिसे साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पल-पल खपाने के लिए तैयार हैं

उन्होंने कहा कि एक समय था जब बालिकाएं और महिलाएं अपने जन्म, शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, लालन-पालन, रोजगार व सशक्तिकरण को लेकर चिन्तित थी। मुझे यह कहते हुए गर्व होता है कि



विष्व के लोकप्रिय नेता प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश की आधी आबादी रखने वाले महिला वर्ग के उत्थान का ध्यान रखा। आज पूरे विश्व में भारतीय नारी का सम्मान बढ़ा है।

बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओं, सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बालिका जन्म को सुरक्षित करते हुए निःशुल्क षिक्षा व लालन-पालन की व्यवस्था की। उसकी प्रतिभा को पहचान कर उसे अवसर प्रदान किये गये। पोषण अभियान, मिशन वात्सलय, मिशन शक्ति, मातृ वंदन योजना, स्वच्छता, शौचालय निर्माण के माध्यम से उसके स्वास्थ्य का ध्यान रखा गया, उज्जवला कनेक्शन के माध्यम से उसके समय को बचाया गया, जेजेएम के तहत घरों तक पानी पहुंचाया गया।

नारी शक्ति वंदन अधिनियम, प्रसवकालीन अवकाश, सेना में स्थाई कमीशन, लखपति दीदी, आंगनबाड़ी अपग्रेडेशन जैसे कई निर्णय केन्द्र सरकार ने किये। चन्द्रयान की सफलता में महिलाओं का योगदान प्रशंसनीय रहा। एक समय था जब महिलाएं देर रात्रि को आवागमन करने में असुरक्षित महसूस करती थी लेकिन आज मोदी जी के नेतृत्व में पूरे देश में महिलाएं स्वयं को सुरक्षित पा रही है।

भाजपा ने अपने संकल्प पत्र में नारी शक्ति को सम्मान दिया, आने वाले वर्षों में 3 करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएगी, महिला एसएचजी को सर्विस से जोड़कर उनके उत्पादनों को ग्राहकों तक पहुंचाया जाएगा, कामकाजी महिलाओं के लिए हॉस्टल, शिशुगृह बनेंगे, और भी बहुत से महिला सशक्तिकरण के कार्य होंगे।

वहीं कांग्रेस नेताओं द्वारा शक्ति का अपमान किया जाता है प्रभू श्री राम को काल्पनिक बताया जाता है।

श्रीमती कमलजीत सहरावत पार्टी की वरिष्ठ कार्यकर्ता है, महिला मोर्चे में रहकर महिलाओं की आवाज को बुलन्द किया वहीं पार्टी संगठन में विभिन्न पदों पर रहकर भाजपा विचारधारा और योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया। आपने महापौर रहते हुए क्षेत्र के ऊर्जा, पेजयल, पार्कों के विकास, स्वच्छता, वृक्षारोपण, आवागमन सुविधाओं व सुरक्षा को लेकर कई अभूतपूर्व कार्य किये। मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपकी, अपनी नेता श्रीमती कमलजीत सहरावत जी, जो कि आप सभी के सुख-दुख में हमेषा साथ रही है, पष्चिमी दिल्ली के विकास में हर सम्भव प्रयास करेंगी और विकसित भारत-बेहतर दिल्ली के संकल्प के साथ विकास के क्रम को आगे भी जारी रखेंगी।

आप सभी यहां अपना अमूल्य समय निकालकर पधारे, मैं आभार व्यक्त करती हूं यह चुनाव नारी सम्मान का चुनाव है सुरक्षित भविष्य का चुनाव है। मेरा अनुरोध है कि आप श्रीमती कमलजीत सहरावत जी को भारी मतों से विजयी बनाएं।

## संक्षिप्त समाचार

### भगवान परशुराम जी की जयंती पर कार्तिकेय भारद्वाज ने निकाली बाइक रैली



**चमकता राजस्थान। जयपुर।** अक्षय तृतीया पर भगवान परशुराम जी की जयंती के उपलक्ष्य में विभिन्न कार्यक्रम किए गए जयपुर शहर में दर्जन भर से ज्यादा पूजन , रैली , महाआरती आदि कार्यक्रम किए गए इसी कड़ी में वैशाली नगर में सांगानेर से कांग्रेस विधायक प्रत्याशी पुष्पेंद्र भारद्वाज के बेटे कार्तिकेय भारद्वाज ने मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया वैशाली नगर में नर्सरी सर्किल पर सुबह 7 बजे सैकड़ों लोग अपनी मोटर साइकिलों पर भगवा झंडा लगाए हुए इकट्ठे हुए वहां से भगवान परशुराम जी के नारे लगाते हुए मुख्य मार्गों से होते हुए झारखंड महादेव मंदिर पहुंचे जहां कार्तिकेय भारद्वाज ने सभी युवा साथियों को संबोधित किया और बताया कि भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु जी के छठे अवतार हैं उन्होंने 21 बार इस धरती से पापियों का नाश किया था और कलयुग में 7 चिरंजीवियों में से एक भगवान परशुराम हैं वे शास्त्र और शास्त्र दोनो के ज्ञाता थे। रैली में दर्शील भट्ट, बंशी चौधरी , रुद्र, अंशु आदि लोग मौजूद रहे ।

### अक्षय तृतीया पर किया सेवा दान



**चमकता राजस्थान/जयपुर।** श्री मुनि सुव्रत नाथ फाउंडेशन द्वारा अक्षय तृतीया पर्व जन सेवा सम्बंधित विभिन्न कार्य किये गए। समन्वयक अभिषेक सांघी ने बताया कि दान दिवस के मौके पर महल योजना स्थित पार्क में सार्वजनिक प्याऊ का उद्घाटन तथा पक्षियों के लिए परिंडो का वितरण किया गया। तत्पश्चात प्राकृत भारतीय अकादमी में विज्ञान, लॉ, इंजीनियरिंग, नीट, कला इत्यादि विषयों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित 500 से अधिक पुस्तकों का संकलन भेंट किया गया। साथ ही जैन मंदिर खिंदुकान से प्राप्त लगभग 300 वर्ष प्राचीन हस्त लिखित पांडुलिपि, पुरातन शास्त्र, धार्मिक पुस्तकें भी संरक्षण हेतु अकादमी को उपलब्ध करवाई।

इस अवसर पर मैंना गंगवाल, धीरेंद्र, मोना जैन, आयुष, रूपेश, अशोक, अंकित मित्रपुरा, मीनाक्षी, पिंकल, नवीन रितु बड़जात्या, वैभव स्वाति जैन आदि उपस्थित रहे। अकादमी से डॉ रीना बैद द्वारा फाउंडेशन के सभी पदाधिकारियों एवं वॉलिंटियर्स का अभिवादन किया गया।

### गौड़ सनाढय फाउंडेशन के द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**चमकता राजस्थान/ धौलपुर (रामदास तरुण)।** बाड़ी उपखण्ड में दिनांकः-10/ 05/ 2024 को गौर सेवा के फाउंडेशन के द्वारा भगवान परशुराम का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया! इस अवसर पर गौड़ सनाढय फाउंडेशन के वरिष्ठ नेता रामसिंह पंडित, प्रमोद शर्मा जिला, महामंत्री सुरेश शर्मा प्रिंसिपल केदार शर्मा करेरूआ, विश्मबर शर्मा ,नरेंद्र शर्मा एडवोकेट सहित विप्र बंधु रहे उपाथित रहे।विप्रजनों ने चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। भगवान



परशुराम भगवान विष्णु के अवतार है। राम के अवतार से पूर्व भगवान परशुराम ने धरती पर अधर्म के नाश के लिए संकल्प लिया जिसे पूरा किया और अपने कार्यों से यह संदेश दिया की अधर्म को सहन मत करो लडो और जीतो विप्र बंधुओ ने भगवान परशुराम का मनाया जन्मोत्सव।

# भाजपा नेताओं ने दिल्ली लोकसभा चुनावों में संभाली चुनाव प्रचार की कमान

## दिल्ली की जनता मोदी की गारंटियों के साथ, लोकसभा की सभी 7 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी भारी मतों के साथ दर्ज करेंगे जीत:- जितेंद्र गोठवाल

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री और खण्डार विधानसभा के विधायक जितेंद्र गोठवाल लोकसभा चुनाव प्रचार के लिए दिल्ली प्रवास पर है। इस दौरान उन्होने पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी कमलजीत सहरावत के चुनाव प्रचार में घर-घर जाकर जनसंपर्क किया और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान की अपील की। भाजपा प्रदेश महामंत्री जितेंद्र गोठवाल ने भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में जनसंपर्क सभा को संबोधित करते हुए कहा कि दिल्ली लोकसभा की सभी 7 सीटों पर भाजपा के प्रत्याशी भारी मतों के साथ जीत दर्ज करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान देंगे।




भाजपा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष अशोक परनामी ने चुनाव प्रचार के दौरान दिल्ली भाजपा के मोर्चा पदाधिकारियों की बैठक ली और आगामी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। बैठक के दौरान परनामी ने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन के प्रति पूरी तरह निष्ठावान और समर्पित है, इसी के चलते आज भाजपा विश्व का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। परनामी ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा में प्रवासी राजस्थानियों से संपर्क किया। इसके साथ ही पश्चिमी दिल्ली लोकसभा प्रत्याशी के कार्यालय में जनप्रतिनिधियों की संगठनात्मक बैठक लेकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर चर्चा की।

जयपुर ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर ने कहा कि दिल्ली की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रीति और नीति के साथ है और पीएम मोदी के विकास कार्यों पर भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में मतदान करेंगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश की महिलाओं को नारी शक्ति वंदन विधेयक के माध्यम से अपना हक और सम्मान मिला है। पिछले 10 सालों में देश में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पीएम मोदी ने विभिन्न योजनाएं शुरू की है। दिल्ली में लोकसभा चुनावों के प्रचार के लिए राजस्थान से प्रदेश मंत्री अजित मांडण, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत मेहता, महिला आयोग की पूर्व अध्यक्ष सुमन शर्मा , युवा मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष अंकित चेची, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष डॉ रक्षा भंडारी, प्रदेश प्रवक्ता राखी राठौड़ और डॉ अपूर्वा सिंह सहित कई भाजपा नेता प्रचार में जुटे हुए हैं।

# पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को आरएसएस और मोदी का फोबिया: सीपी जोशी

चमकता राजस्थान


**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा दिए गए बयान को हास्यास्पद बताते हुए कहा कि 4 जून तक पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ऐसे बयान देकर अपना दिल बहला सकते हैं और खुश हो सकते हैं। उनको इसकी पूरी छूट है, किन्तु चुनाव परिणाम के बाद गहलोत अपने घर से बाहर निकलने में एवं प्रदेश की जनता को अपना मुंह दिखा पाने में शर्म महसूस करेंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश की जनता 5 महीने पहले ही कांग्रेस को आईना दिखा चुकी है। जिसके नेतृत्व को प्रदेश की जनता ने नकारा है, वे अनर्गल बयान बाजी कर कर जनता को भ्रमित करने का कुत्सित प्रयास कर रहे हैं।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि भाजपा जहां इस लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों और कल्याणकारी योजना को लेकर जनता के बीच वोट मांग रही हैं, वहीं कांग्रेस जाति, धर्म के नाम पर भड़काकर सत्ता में आना चाहती है। जनता इनकी कुत्सित रणनीतियों को पहचान चुकी है। 4 जून को लोकसभा चुनाव का परिणाम आने के बाद ये अपने घर से नहीं निकल पाएंगे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि कांग्रेस की साम्प्रदायिक और जातिवादी सोच के कारण देश पहले ही भारी नुकसान सह चुका है। कांग्रेस देश की आस्था और सुरक्षा के साथ खिलवाड़ करने वाली पार्टी है। कहा जाता था कि राम कभी पैदा ही नहीं हुए वहीं आंतकवादियों को बिरयानी खिलाई जाती थी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि जो राष्ट्र की सुरक्षा को सुदृढ नहीं कर सकते, हमारी आस्था का सम्मान नहीं कर सकते, हमारी विरासत और विकास की यात्रा में साथ नहीं चल सकते, उन्हें सत्ता में आने का कोई हक नहीं है, कांग्रेस यह अधिकार खो चुकी है।



## परशुराम जी की हुई प्राण प्रतिष्ठा

# भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर शास्त्री नगर में भगवान परशुराम जी की नियमित पूजा प्रारम्भ

## प्रदेष में 100 मूर्तियों की प्राण- प्रतिष्ठा कराने का संकल्प लिया

चमकता राजस्थान

जयपुर। सर्व ब्राह्मण महासभा की और से आराध्य भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा शास्त्री नगर स्थित कांवटिया सर्किल पर स्थित पीपलेष्वर महादेव मंदिर में पूर्ण विधि विधान से हजारो ब्राह्मणों की उपस्थिति में हुई और आज से यहां भगवान परशुराम जी का नियमित पूजन अर्चन प्रारम्भ हो गया है।

कार्यक्रम संयोजक आशीष पराशर ने बताया कि इस अवसर पर 11 विद्वान पण्डितों से विधि विधान से वैदिक मंत्रो के साथ भगवान की प्राण प्रतिश्ठा की। मुख्य यजमान रोहित शर्मा धर्मपत्नी सरोज ने प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व पंचकुण्डीय यज्ञ, गणेश मण्डल पूजन, अर्चना, जलाधिवास, अन्नाधिवास, माहान्यास प्राण प्रतिश्ठा के साथ



परशुराम जी की प्राण प्रतिश्ठा की गई। इस अवसर पर विभिन्न अधिवास, स्नान, अभिशेक किया गया। पण्डितों ने ''तन्नो परषुराम प्रचोदयात'' मंत्र के साथ हवन में आहूतिया अर्पित की। पुरूशुक्त से भगवान परशुराम जी का विधिवत पूजन कर प्राणो का आ''ान किया गया। इस अवसर पर नगर परिक्रमा के भाव से पहले मूर्ति की यात्रा निकाली गई। जिसमें षंक, ध्वनी, घण्टे-घडियाल बजाते हुये परषुराम जी के जयकारे के साथ तपती धूप में सैंकडो महिलायो और श्रद्वालुओं ने नंगे पाव परिक्रमा की। इसके बाद प्रतिमा को विराजमान कर महाआरती की गई ।

इस अवसर पर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा ने घोशणा की है कि हर वर्ष जयपुर के प्रमुख मंदिरों में भगवान परशुराम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जा रही है। आज जयपुर में 32वीं भगवान परशुराम जी की प्राण प्रतिष्ठा हुई है और आज हम संकल्प लेते है कि जयपुर में 100 मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की जायेगी। साथ ही मिश्रा ने राज्य सरकार से मांग की है कि सरकार हमें जल्द से जल्द जमीन उपलब्ध करवाये। जिससे की भगवान परशुराम पीठ की स्थापना की जा सके। महासभा ने 111 फीट की भगवान परशुराम जी की मूर्ति लगाने का अभियान भी चला रखा है। मिश्रा ने कहा कि भगवान परशुराम जी के बताये हुये पद्चिन्हों पर युवाओं को चलना चाहिए। उन्होने इस अवसर पर कहा कि पूरे प्रदेश में 100 भगवान परशुराम जी की मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा का संकल्प लेता हूं। जिस भी मंदिर में परशुराम जी की मूर्ति की आवश्यकता होगी वो मैं निशुल्क उपलब्ध कराउंगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय संयोजक आचार्य राजेश्वर, एडिशनल डायरेक्टर गोविन्द पारीक, राष्ट्रीय महामंत्री महिला प्रकोष्ठ सविता शर्मा, नीलम मिश्रा, प्रदेश संगठन मंत्री पं. श्याम शास्त्री, मुकेश मिश्रा, युवा प्रकोष्ठ के प्रदेषाध्यक्ष गब्बर कटारा, जयपुर जिलाध्यक्ष बाबूलाल शर्मा, जयपुर शहरअध्यक्ष अनिल सारस्वत, पंकज शर्मा थोई, जयपुर युवा संभाग अध्यक्ष दिनेष शर्मा उदयपुर संभाग अध्यक्ष अविकुल शर्मा , मनोज मिश्र, राजेश शांडिल्य, युवा प्रकोश्ठ के प्रमोद शर्मा , राघव शर्मा , राजू शर्मा , हर्ष शर्मा , संजय मामा, प्रमोद शर्मा , विकास, गुंजन वशिष्ठ, हर्षवर्धन सहित सैंकडो ब्राह्मण बंधु उपस्थित थे।

बुधवार 15 मई को शस्त्र पूजन कर, शस्त्र एवं शास्त्र के ज्ञाता भगवान परशुराम जी की पूजा की जायेगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान,
मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929